CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

बरेली, बुधवार 31 दिसम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 32 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 10 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## भारत के पिनाका रॉकेट की पहली फ्लाइट टेस्टिंग सफल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 120 किमी रेंज, टारगेट पर सटीक अटैक किया
■ भारतीय सेना में शामिल करने की भी मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट (एलआरजीआर-120) की पहली सफल फ्लाइट टेस्टिंग की।

इस दौरान रॉकेट को उसकी अधिकतम 120 किलोमीटर रेंज तक दागा गया। उड़ान के दौरान रॉकेट ने सभी तय इन-फ्लाइट मैन्युवर सफलतापूर्वक पूरे किए और निर्धारित लक्ष्य पर सटीक वार किया। रेंज में तैनात सभी ट्रैकिंग सिस्टम ने उड़ान के पूरे रूट के दौरान रॉकेट की निगरानी की। यह सफल परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने किया। खास बात यह रही कि 120 किलोमीटर रेंज वाले इस रॉकेट का पहला टेस्ट उसी दिन हुआ, जब रक्षा मंत्रालय के रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इसे भारतीय सेना में शामिल करने की मंजूरी दी। डीएसी की बैठक सोमवार दोपहर में हुई थी। इसमें 79 हजार करोड़ के सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी। इसमें मिसाइलें, रॉकेट, रडार सिस्टम शामिल हैं। पिनाका सिस्टम के लिए लंबी दूरी के गाइडेड रॉकेट खरीदे जाएंगे। सेना के लिए इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम (एमके-2) भी लिया जाएगा। सलआरजीआर को आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने हाई एनर्जी मटीरियल्स रिसर्च लैबोरेटरी के साथ मिलकर डिजाइन किया है। इसे बनाने में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैबोरेटरी और रिसर्च सेंटर इमारत ने भी मदद की है। इस फ्लाइट टेस्टिंग का संचालन इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज और प्रूफ एंड एक्सपेरिमेंटल एस्टेब्लिशमेंट ने किया। रॉकेट को सेना में पहले से इस्तेमाल हो रहे पिनाका लॉन्चर से दागा गया, जिससे यह साबित हुआ कि एक ही लॉन्चर से विभिन्न रेंज के पिनाका रॉकेट्स दागे जा सकते हैं।

## केमू में बस खाई में गिरी, सात की मौत, 12 घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

■ भिकियासैंण के सिरखोन बैंड के पास हुआ हादसा

**अल्मोड़ा।** भिकियासैंण तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सीनार-विनायक मोटरमार्ग में सिरखोन बैंड के समीप एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में सात यात्रियों की मौत हो गई।

मंगलवार सुबह द्वाराहाट से सिनार-विनायक होते हुए रामनगर जा रही केमू बस संख्या यूके 07 पीए 4025 सिरखोन बैण्ड के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय बस में चालक व परिचालक सहित कुल 19 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस बल और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा त्वरित रूप से रेस्क्यू शुरू किया गया। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने घटना की जानकारी मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए।

### मृतकों का विवरण

1- पार्वती देवी (75) पत्नी गोविन्द मठपाल, निवासी ग्राम जमोली। 2- नंदन सिंह (70) पुत्र गोपाल सिंह, निवासी ग्राम जमोली। 3- गोविंद बल्लभ मठपाल (80) पुत्र कुलोमणी निवासी ग्राम जमोली। 4- तारा देवी (50) पत्नी महेश चन्द्र निवासी ग्राम पाली द्वाराहाट। 5- गणेश (20) पुत्र भीमबहादुर निवासी नेपाल। 6- उमेश (18) पुत्र ऐतराउल निवासी नेपाल। 7- गोविंदी देवी (55) पत्नी हरीश सिंह निवासी ग्राम घुघुती द्वाराहाट।

## सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट को लेकर केंद्र की चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अश्लील कंटेंट को लेकर चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि कंपनियां अश्लील, भद्दे, पोर्नोग्राफिक, बच्चों से जुड़े यौन शोषण वाले और गैर-कानूनी कंटेंट पर तुरंत रोक लगाएं। यदि कंपनियां ऐक्शन नहीं लेंगी तो उन पर केस चलेगा। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी ने ये एडवाइजरी सोमवार को जारी की थी। एडवाइजरी में इंटरनेट प्लेटफॉर्म को आईटी एक्ट के संबंध में अपने कंप्लायंस फ्रेमवर्क की समीक्षा करने के लिए कहा गया है। एडवाइजरी के अनुसार अगर सोशल मीडिया कंपनियां कानून और नियमों का पालन नहीं करेंगी, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सिर्फ कंपनियां ही नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म और यूजर्स- दोनों पर केस दर्ज किया जा सकता है। कई प्लेटफॉर्म गलत और अश्लील कंटेंट को पहचानने और हटाने में ढिलाई बरत रहे हैं।

### अमेरिकी थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस का दावा

## 2026 में भारत-पाक युद्ध संभव

वाशिंगटन, वार्ता



**कहा: कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की मध्यम संभावना, दोनों देशों ने हथियारों की खरीद बढ़ाई**

**अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी मध्यम स्तर तक पड़ सकता है: सीएफआर**

**अमेरिका के** बड़े थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच फिर युद्ध हो सकता है।

सीएफआर की रिपोर्ट 'कॉन्फ्लिक्ट्स टू वॉच इन 2026' के अनुसार, कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की मध्यम संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी मध्यम स्तर तक पड़ सकता है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में अभी कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ है, लेकिन खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस सर्दी में जम्मू क्षेत्र में 30 से ज्यादा पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। इधर भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्षविराम के बावजूद दोनों देशों ने हथियारों की खरीद तेज कर दी है। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने हाल ही में 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है, जिसमें ड्रोन, एयर-टू-एयर मिसाइल और गाइडेड बम शामिल हैं।

### भारत और पाकिस्तान में अब तक पांच बार हो चुकी है जंग

**वाशिंगटन।** काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) अमेरिका का एक प्रमुख और प्रभावशाली थिंक टैंक है। इसकी स्थापना साल 1921 में हुई थी। यह संस्था अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर रिसर्च करती है और रिपोर्ट जारी करती है। सीएफआर में पूर्व राजनयिक, सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर और नीति विशेषज्ञ शामिल होते हैं। इस थिंक टैंक की रिपोर्ट्स और सुझावों का असर अमेरिकी सरकार, व्हाइट हाउस और कांग्रेस की नीतियों पर भी पड़ता है। यह थिंक टैंक दुनियाभर के संकटों, युद्धों और भू-राजनीतिक हालात का आकलन कर भविष्य की संभावनाओं को लेकर चेतावनी देता है। काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) ने 2026 में होने वाले युद्धों की आशंका को लेकर रिपोर्ट जारी की है। भारत और पाकिस्तान में अब तक 5 बार जंग हुई है। सभी में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा है।

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ के नाम पर डिजिटल अरेस्ट, बुजुर्ग महिला से 3.71 करोड़ ठगे

**मुंबई/सूरत।** मुंबई में 68 साल की एक महिला से 3.71 करोड़ रुपये की ठगी हो गई। आरोपियों ने खुद को मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों का कर्मचारी बताया था। इन लोगों ने नकली ऑनलाइन कोर्ट सुनवाई भी की, जिसमें एक व्यक्ति ने खुद को पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ बताया था। इस मामले में साइबर पुलिस ने एक आरोपी को सूरत से पकड़ा है। आरोपी के खाते में 1.71 करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए थे। उसने यह अकाउंट फर्जी कपड़ा कंपनी के नाम पर खुलवाया था। इसके बदले उसे 6.40 लाख रुपये कमीशन मिला। महिला मुंबई के अंधेरी वेस्ट में रहती है। महिला पर धोखेबाज लगातार नजर रख रहे थे। 18 अगस्त को महिला को एक कॉल आया।

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का निधन



**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री व बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख खालिदा जिया का मंगलवार सुबह 6 बजे ढाका में निधन हो गया। वे 80 साल की थीं और पिछले करीब 20 दिनों से वेंटिलेटर पर थीं।

खालिदा कई साल से सीने में इन्फेक्शन, लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रहीं थीं। उनके परिवार और पार्टी नेताओं ने निधन की पुष्टि की है। वे 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। वे पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पत्नी थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत बंगलादेश के बीच संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

■ प्रधानमंत्री मोदी ने जताया गहरा दुख

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। उनके परिवार और बांग्लादेश के सभी लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं। बांग्लादेश के विकास और भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।






























## संक्षिप्त समाचार

### नफरती राजनीति के पोषण ने ली एंजेल चकमा की जान : चिब

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब ने त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की देहराद.न में पीटपीट कर हत्या को आरएसएस भाजपा की नफरती राजनीति का परिणाम बताया और कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। चिब ने मंगलवार को यहां कहा कि भाजपा-संघ नफरत का जहर घोल रहे हैं जिससे अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है और ऊपर से इंसाफ को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एंजेल के पिता देश की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवान हैं लेकिन जिस देश की सीमाओं की वह चौकसी कर रहे हैं उसी देश में उनके 24 साल के बेटे को उत्तराखंड में 'चीनी' कहकर अपमानित कर उसकी हत्या की जाती है। उन्होंने कहा कि यह कोई अचानक हुआ अपराध नहीं है बल्कि उस नफरती राजनीति का परिणाम है जिसे सालों से बोया गया, हर दिन दोहराया गया, और भाजपा के दौर में समाज का हिस्सा बना दिया गया।

### ब्राह्मण एमएलए की बैठक पर भाजपा विधायक ने दी सफाई


**लखनऊ।** कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन पाठक के सरकारी आवास पर ब्राह्मण विधायकों की बैठक को लेकर उठे विवाद पर अब स्वयं विधायक की प्रतिक्रिया सामने आई है। विधायक पंचानंद पाठक ने 'एक्स' पर किए गए अपने पोस्ट में कहा कि ब्राह्मण समाज को जोड़ने का कार्य करता है, न कि विभाजन का। उन्होंने लिखा, ष्जय श्री राम, जय सनातन, जय भाजपा। सनातन परंपरा में ब्राह्मण को समाज का मार्गदर्शक, विच.ारक और संतुलनकर्ता माना गया है। जहां ब्राह्मण एकत्र होता है, वहां ज्ञान, विवेक और चितन का मंथन होता है, जो हिंदू अस्मिता को सशक्त बनाता है।

# नए साल से पहले बारिश बढ़ाएगी ठिठुरन, यूपी के 37 शहर ठंड की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भीषण ठंड और घने कोहरे की चपेट में आए उत्तर प्रदेश में नए साल से बारिश के आसार जताए गए हैं जिससे ठंड और अधिक बढ़ने की आशंका है।

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर समेत प्रदेश के 37 शहर घने कोहरे और ठंड की चपेट में हैं। मंगलवार को कई इलाकों में दृश्यता का स्तर घटकर मात्र 20 मीटर तक रह गया, जिससे सड़कों पर चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। कोहरे के चलते रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज समेत विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली 100 से अधिक ट्रेनें 2 से 15 घंटे की देरी से चल रही हैं। वहीं 10 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। बाराबंकी और फतेहपुर प्रदेश के सबसे ठंडे जिले रहे, जहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए भीषण ठंड का अलर्ट जारी किया है



■ मौसम विभाग ने अगले तीन दिन भीषण ठंड का अलर्ट जारी किया, हाथरस में दो सड़क हादसों में सात लोग घायल

और लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

स्थिति को देखते हुए प्रदेश सरकार भी अलर्ट मोड पर है। प्रदेश भर में स्कूल और कॉलेज 1 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने और कंबल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा है।

सोमवार को प्रदेश के 25 से अधिक शहरों में तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। हाथरस में कोहरे के कारण दो गंभीर सड़क हादसे हुए, जिनमें सात लोग घायल हो गए।

### पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी से मैदानी क्षेत्रों में ठंड, एक जनवरी को बारिश की संभावना

लखनऊ स्थित मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह के अनुसार पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी क्षेत्रों में ठंड बनी हुई है। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों तक दिन और रात दोनों समय ठंड बढ़ेगी, जबकि 1 जनवरी के आसपास बारिश की संभावना है। भीषण ठंड और घने कोहरे से किसानों की चिता भी बढ़ गई है। आलू और सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेतों की नियमित निगरानी करने और कीट व रोग नियंत्रण के लिए जिक और क्लोरपायरीफॉस के छिड़काव की सलाह दी है।

# 2024 में डाले गए वोट किसके थे: चंद्रशेखर आजाद

हरदोई। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से सांसद और आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में 2 करोड़ 89 लाख वोट काटे गए है, तो फिर 2024 के चुनाव में जो वोट पड़े थे, ये वोट किसके थे।

सांसद चंद्रशेखर आजाद हरदोई में महाराजा बिजली पासी की जयंती के अवसर पर बहुजन संकल्प महारैली में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया पर निशाना साधते हुए कहा नगीना सांसद ने कहा कि पहले 4 करोड़ वोट कटने की बात कही गई, अब सरकारी आंकड़े 2 करोड़ 89 लाख बता रहे हैं, तो बाकी वोट



■ यूपी में कटे 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम

किसके थे? उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार रहेगा, तो ही सत्ता के बड़े लोग आम जनता के दरवाजे पर आएंगे। चंद्रशेखर ने महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों का जिक्र करते हुए एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि देश में अपराध और रेप के मामलों में सबसे अधिक पीड़ित यही वर्ग हैं।

# यूपीएसआईआर का ड्राफ्ट रोल छह जनवरी को होगा प्रकाशित

लखनऊ, वार्ता

■ उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग ने नई तारीखों की घोषणा की

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में 31 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी होना था। हालांकि अब इसकी नई तारीख बताई गई है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर राज्य निर्वाचन आयोग ने लिखा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है।

आयोग ने लिखा कि संशो.धित तिथियों के अनुसार अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी, 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 6 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च, 2026 को किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में चार नवंबर को शुरू हुई एसआईआर की कवायद में लगभग दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम कटे हैं। उन्हें नाम शामिल कराने के लिए फार्म संख्या छह जमा करना होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिक.ारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार मतदाताओं में से जो मसौदा सूची में शामिल हुए हैं, उनमें से एक करोड़ से अधिक 'अनमैप्ड' श्रेणी में हैं। ऐसे मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे। ताकि वे निर्धारित 12 दस्तावेजों की सूची में से किसी एक को जमा करें, ताकि उन्हें 'मैप्ड' श्रेणी में शामिल किया जा सके।

## 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा

# यूपी को एआई का वैश्विक केंद्र बनाने की तैयारी: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम लिखी चिट्ठी में कहा है कि वर्ष 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ॰(एआई), टेक्नोलॉजी और डेटा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है और उत्तर प्रदेश भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था और सुशासन के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए भरोसेमंद राज्य बना है, जिससे 'ब्रांड यूपी' को देश और दुनिया में पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी विकसित करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही सुरक्षित डेटा और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई प्रदेश की डेटा सेंटर नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।



■ जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा

योगी ने कहा है कि प्रदेश में पांच हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क का व्यावसायिक संचालन शुरू हो चुका है और इस सेक्टर में लगभग 30,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नौ शहरों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित किए जा चुके हैं। ड्रोन, रोबोटिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'एआई युवा' पहल के तहत प्रदेश के 10 लाख युवाओं को एआई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे वर्ष 2026 के लिए संकल्प लें और अपने आसपास के बच्चों को कंप्यूटर व एआई के प्रति जागरूक करें। साथ ही हर सप्ताह कम से कम एक घंटा 'ज्ञानदान' के लिए निकालें। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयास से न केवल विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हासिल होगा, बल्कि प्रदेश को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

### लखनऊ में भेड़ों की मौत पर दिए जांच के आदेश, प्रति भेड़ 10 हजार की मदद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दुबग्गा इलाके में भेड़ों की मौत के मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही पीड़ित पशुपालकों को राहत देते हुए प्रति भेड़ 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों दुबग्गा क्षेत्र में बड़ी संख्या में भेड़ों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे स्थानीय पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। भेड़ पालन पर निर्भर परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने मृत भेड़ों का निरीक्षण किया और नमूने लेकर कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक तौर पर बीमारी या जहरीले पदार्थ खाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित पशुपालकों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। सरकार की त्वरित कार्रवाई से प्रभावित परिवारों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



सेंसेक्स 84675.08
निफ्टी 25938.85



सोना रु. 134599
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 232329
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट दर्ज

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले मिश्रित संक.ेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 20.46 अंक (0.02 प्रतिशत) गिरकर 84,675.08 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 84,806.99 अंक और नीचे 84,470.94 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 3.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत टूटकर 25,938.85 अंक पर आ गया। वृहद बाजार पर दबाव रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.22 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 फीसदी नीचे बंद हुआ। धातु, बैंकिंग और ऑटो सेक्टरों में लिवाली की जोर रहा। एनएसई में जिन 3,244 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,723 के शेयरों में तेजी और 1,409 में गिरावट रही। अन्य 112 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 2.10 फीसदी की गिरावट रही। इंडिगो का शेयर 1.37 प्रतिशत, इंफोसिस का 1.28 और एशियन पेंट्स का 1.09 प्रतिशत टूट गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी, टाइटन और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टाटा स्टील का शेयर 2.03 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का दो प्रतिशत मजबूत हुआ। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.66 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 1.13 प्रतिशत चढ़ गया। भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, एलएंडटी और अडानी पोर्ट्स में भी तेजी देखी गई। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत लुढ़क गया, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.86 फीसदी की तेजी रही। चीन का शंघाई कंपोजिट सपाट बंद हुआ।

# चांदी की कीमत गिरी, सोना भी 1.35 लाख पर आया

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,182 रुपए गिरकर 1,34,599 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,36,781 रुपए/10 ग्राम पर था। लगातार 5 दिन तक चढ़ने के बाद चांदी की कीमत 3,111 रुपए गिर गई है। आज ये 2,32,329 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 1,36,350 रुपये रही, जबकि मुंबई में 1,36,200, कोलकाता में 1,36,200, चेन्नई में 1,37,460, जयपुर में 1,36,350, भोपाल में 1,36,250, पटना में 1,36,250 और लखनऊ में 1,36,350 रुपये रही। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे।

रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। चांदी की बात की जाए ,तो सोलर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी में भारी इस्तेमाल होने से चांदी अब सिर्फ ज्वेलरी नहीं, जरूरी कच्चा माल बन गई है।अमेरिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं। प्रोडक्शन रुकने के डर से सभी पहले से खरीद रहे हैं, इसी वजह से आने वाले महीनों में भी तेजी बनी रहेगी।

# सरकार ट्रेजरी बिलों के जरिये अंतिम तिमाही में जुटाएगी 3,84,000 करोड़

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही द्धजनवरी-मार्च 2026ऋ के लिए 3,84,000 करोड़ रुपये के ट्रेजरी बिलों की नीलामी का कैलेंडर जारी किया है।

ट्रेजरी बिल वह माध्यम है जिससे सरकार अल्पावधि ऋण जुटाती है। ए अंकित मूल्य से कम पर बेचे जाते हैं और मियाद पूरी होने पर टी-बिल खरीदने वाले को अंकित मूल्य के बराबर पैसा मिलता है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि ए ट्रेजरी बिल 91 दिन, 182 दिन और 364 दिन की मियादों के साथ अलग-अलग मूल्य के लिए जारी किए जाएंगे। पहली नीलामी 07 जनवरी 2026 को और उसके बाद



25 मार्च तक हर सातवें दिन होगी। कैलेंडर के मुताबिक, पहले पांच सप्ताह तीनों मियादों को मिलाकर कुल 29-29 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी। अगले छह सप्ताह कुल 34-34 हजार करोड़ रुपये के और 25 मार्च को 35 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी। अगले कार्य-दिवस पर टी-बिल जारी किए जाएंगे। रिजर्व बैंक इस कैलेंडर और टी-बिल की प्रस्तावित नीलामी की राशि में भविष्य में बदलाव भी कर सकता है जिसकी सूचना प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जाएगी।

### अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर भी संज्ञान ले कोर्ट: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने अरावली मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के अपने ही फैसले पर रोक लगाए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। रमेश ने कहा कि पिछले फैसले पर चिंता जताई थी और चेतावनी दी थी कि वन क्षेत्र की परिभाषा में ढील देने से खनन और निर्माण कार्यों के लिए बड़े रास्ते खुल सकते हैं। रमेश ने कहा कि पर्यावरण से जुड़े तीन अन्य 'जरूरी मुद्दे' हैं। इन पर भी उच्चतम न्यायालय को तत्काल स्वत: संज्ञान लेना चाहिए।

# एसआईआर प्रक्रिया पूरे देश में पैदा कर रही है संदेह: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) प्रक्रिया साफ सुथरी तथा पारदर्शी नहीं है और इस काम में जल्दबाजी में नियमों का उल्लंघन हो रहा है इसलिए आयोग को हर दिन नियम बदलने के बजाए लोगों को हो रही समस्या का जमीनी स्तर पर स्थाई समाधान निकालना चाहिए।

पार्टी ने कहा कि इस प्रक्रिया के कारण करोड़ों लोगों को पीड़ा में डालकर उनके हक छीने जा रहे हैं। जिन लोगों के नाम 2003 की मतदता सूची में नहीं हैं उनको आयोग की तरफ से नोटिस आएंगे और बेवजह उनको तंग किया जाएगा। इसमें उन लोगों को ज्यादा तकलीफ होगी जो मतदाता सूची में शामिल होने के हकदार हैं लेकिन अपना पक्ष नहीं रख पा रहे हैं। बीएलओ रिश्तों के हिसाब से सूची में नाम शामिल करने की प्रक्रिया को परिभाषित कर रहे हैं। हर दिन नियम बदले जा रहे हैं और चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया में जल्दबाजी कर पूरे देश को संदेह में डाल दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है और पूरी प्रक्रिया संदेह से घिरी हुई है। कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसआईआर बहुत व्यापक और लंबी प्रक्रिया है लेकिन चुनाव आयोग ने इसमें बहुत जल्दबाजी कर इसे बेहद जटिल और पीड़ादायक बना दिया है। इसमें दिशा निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है और सारी प्रक्रिया को एक डेढ़ महीने में पूरा करने की सीमा बांध दी है। किसी भी मतदाता को सूची में शामिल होने के लिए तीन बातें जरूरी होनी चाहिए जिसमें पहली है कि वह देश का नागरिक हो, उसने 18 साल की उम्र पार कर दी हो और वह उस पते पर रहता हो जहां का पता दिया गया है, ये तीन बातें इसके लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निवासी होने की बात स्पष्ट नहीं है। इसको लेकर कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। इन मामलों में बीएलओ को जानकारी लेनी होती है कि अमुक व्यक्ति रजिस्टर्ड पते पर रहता है या नहीं। जिन लोगों का नाम 2003 की सूची में है उनको कुछ प्रमाण देने की जरूरत नहीं है लेकिन नाम नहीं है तो बहुत दिक्कत हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अभी जो एसआईआर हुआ है, उसका तरीका किसी को समझ ही नहीं आ रहा है। इस फॉर्म को लोगों को भरना है और इसे जमा करना है। इस काम को एक महीने में पूरा करना होगा।

# कांग्रेस ने बाकर हुसैन समेत 11 सीटों पर उतारे पर्यवेक्षक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने स्नातक और शिक्षक विधान परिषद की 11 सीटों के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक तैनात कर दिए हैं।

अजय राय ने 29 दिसंबर, सोमवार को 11 सीटों के लिए सांसदों और पूर्व सांसदों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बता दें अजय राय पहले ही यह ऐलान कर चुके हैं कि कांग्रेस यह चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ नहीं लड़ेगी। पर्यवेक्षकों की तैनाती के संदर्भ में एक पत्र में अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने जा रहे स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद क्षेत्रों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की संस्तुति के उपरान्त संलग्न सूची के कांग्रेसजनों को वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उपरोक्त कांग्रेसजनों से अपेक्षा है कि वे सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

### एमएलसी चुनाव में कांग्रेस ने किसे बनाया पर्यवेक्षक?

इलाहाबाद (स्नातक) उज्ज्वल रमण सिंह (सांसद) एवं नसीमुद्दीन सिद्दीकी (पूर्व मंत्री), बरेली-मुरादाबाद (शिक्षक) कुंवर दानिश अली (पूर्व सांसद) एवं फूल कुंवर (पूर्व विधायक), लखनऊ (स्नातक/शिक्षक) किशोरी लाल शर्मा (सांसद) एवं पी.एल. पुनिया (पूर्व सांसद), मेरठ से इमरान मसूद (सांसद) एवं हरेन्द्र अग्रवाल (पूर्व एमएलसी), गोरखपुर-फैजाबाद (शिक्षक): तनुज पुनिया (सांसद) एवं अखिलेश प्रताप सिंह (पूर्व विधायक), वाराणसी से भगवती प्रसाद चौधरी (पूर्व विधायक) एवं पशुपति नाथ राय (पूर्व विधायक), मेरठ-सहारनपुर (शिक्षक कोऑर्डिनेटर) बाकिर हुसैन उर्फ बाकर हुसैन, आगरा से राकेश राठौर (सांसद) एवं विवेक बंसल (पूर्व एमएलसी)।



■ इमरान मसूद, दानिश अली, किशोरी लाल को मिली अहम जिम्मेदारी
■ एमएलसी सीटों के निर्वाचन में स्नातक मतदाता ही मतदान कर सकेंगे

### कई माफिया जेल गए, तो कई हुए ढेर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले आम धारणा थी कि सत्ता के संरक्षण में अपराधी और माफिया तत्वों के आतंक को मिटाना नामुमकिन है, मगर योगी आदित्यनाथ सरकार नेस्पष्ट संद.ेश दिया कि अपराधी या तो जेल जाएगा या प्रदेश छोड़ेगा। प्रदेश में एक समय ऐसा था जब संगठित अपराध, भू-माफिया, खनन माफिया, शराब माफिया और बाहुबली राजनीति व्यवस्था पर हावी माने जाते थे। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा उपलब्ध रिपोर्ट (2023 जो 2025 में प्रकाशित हुई) के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल अपराध दर राष्ट्रीय औसत से कम रही। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश की अपराध दर 335-3 प्रति लाख जनसंख्या रही, जबकि देश का राष्ट्रीय औसत 448-3 दर्ज किया गया। इस प्रकार, उत्तर प्रदेश की अपराध दर राष्ट्रीय औसत से लगभग 25 प्रतिशत कम है।

# फास्टफूड! अहाना के बाद इल्मा की भी बुझी जिंदगी

## पत्ता गोभी में पनपे कीड़े ने दीमाग में बना दी दर्जनों गांठें, दिल्ली आरएमएल में भी हार गया इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** फास्ट फूड अब सिर्फ सेहत का दुश्मन नहीं रहा, बल्कि धीरे-धीरे जान का सौदागर बनता जा रहा है। अहाना की दर्दनाक मौत के बाद अब अमरोहा जिले के चुचैला कलां कस्बे से एक और झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। इंटर की छात्रा इलमा नदीम (18) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि फास्ट फूड में इस्तेमाल की गई गंदी पत्ता गोभी के जरिए एक खतरनाक परजीवी



उसके शरीर में पहुंचा, जिसने दिमाग को अपना ठिकाना बना लिया और वहां गांठों का जाल बिछा दिया।



किसान नदीम अहमद की सबसे बड़ी बेटी इलमा पढ़ाई में तेज और सपनों में डॉक्टर थी। ग्लोबल पब्लिक स्कूल में इंटर की पढ़ाई के साथ वह नीट की तैयारी कर रही थी। करीब एक महीने पहले उसे टाइफाइड हुआ, लेकिन इसके बाद उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। नोएडा के निजी अस्पताल में कराई गई सीटी स्कैन और एमआरआई जांच में दिमाग में 7ख8 गांठें सामने आईं। कुछ दिनों के लिए हालत सुधरी तो परिवार को उम्मीद बंधी, मगर यह राहत ज्यादा देर टिक नहीं सकी। अचानक तबीयत फिर बिगड़ी। दोबारा जांच कराई गई तो गांठों की संख्या बढ़कर 20ख25 तक पहुंच गई। डॉक्टरों ने बताया कि ये गांठें किसी परजीवी संक्रमण का नतीजा हैं, जो संभवतः फास्ट फूड में इस्तेमाल पत्ता गोभी से शरीर में पहुंचा। दवाओं से कीड़ा खत्म तो हो गया, लेकिन दिमाग में बन चुकी गांठें काबू में नहीं आ सकीं। 22 दिसंबर को परिजन उसे दिल्ली के राम मनो. हर लोहिया (त्डस्) अस्पताल ले गए, जहां दिमाग का ऑपरेशन भी हुआ, लेकिन सोमवार को इलाज के दौरान इलमा जिंदगी की जंग हार गई। देर रात गमगीन माहौल में उसका दफन किया गया। घर में मातम पसरा है और पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

### पत्ता गोभी कैसे बन रही 'साइलेंट किलर'

**मंडी धनौरा।** डॉक्टरों के अनुसार पत्ता गोभी की पत्तियों के बीच कीड़े और उनके अंडे आसानी से छिप जाते हैं। खुले खेतों में उगाई गई गोभी पर कीटनाशकों के गलत इस्तेमाल और साफ-सफाई की कमी से यह खतरा और बढ़ जाता है। जब बिना अच्छी तरह धुले या अधपकी पत्ता गोभी का इस्तेमाल चाउमीन, मोमो और फास्ट फूड में होता है, तो ये परजीवी शरीर में पहुंचकर दिमाग तक जा सकते हैं। वहां ये गांठों का रूप ले लेते हैं, जिनका इलाज बेहद जटिल और कई बार जानलेवा हो जाता है।

### स्ट्रीट फूड की सच्चाई: स्वाद के पीछे छिपा खतरा

**मंडी धनौरा।** शहरों और कस्बों में सड़क किनारे लगने वाले फास्ट फूड ठेले आज युवाओं की पहली पसंद बन चुके हैं। लेकिन इन्हीं ठेलों पर सबसे ज्यादा लापरवाही देखने को मिलती हैख्रगंदा पानी, खुले में रखी सब्जियां, बिना धुलाई के कटी पत्ता गोभी और बार-बार इस्तेमाल किया गया तेल। इलमा का मामला बताता है कि यह लापरवाही अब पेट दर्द या फूड पॉइजनिंग तक सीमित नहीं, बल्कि सीधे जान पर बन आ रही है।

### सिस्टम की नींद व सवालों के घेरे में स्वास्थ्य विभाग

**मंडी धनौरा।** अहाना के बाद इलमा की मौत ने स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। न नियमित निरीक्षण, न फूड सैंपलिंग और न ही स्ट्रीट फूड पर सख्त निगरानी। लापरवाही का नतीजा यह है कि जहरीला फास्ट फूड खुलेआम बिक रहा है और मासूम जिंदगियां बुझ रही हैं। सवाल यही हैख्रक्या प्रशासन किसी अगली मौत के बाद ही जागेगा, या अब सचमुच कार्रवाई होगी?

# झोलाछाप ने युवती को बनाया गर्भवती

## शादी का झांसा देकर बनाये संबंध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** झोलाछाप ने शादी का झांसा देकर युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया तथा उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाये। गर्भवती होने पर उसे दवाई खिला दी जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी तथा परि. जनों को इसकी जानकारी हो गयी। जिसके बाद आरोपी डाक्टर शादी से मुकर गया। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगायी है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाला एक युवक मोहल्ले में ही क्लीनिक चलाता है। बताया जा रहा है कि मोहल्ले में रहने वाली एक युवती अक्सर उसके क्लीनिक पर दवाई लेने जाया करती थी। लगभग दो साल पहले उसी दौरान युवक ने युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। बाद में शादी करने का झांसा देकर शारी. रिक संबंध बनाने पर मजबूर कर दिया। आरोप है कि उसने कई बार इच्छा विरुद्ध भी शारीरिक शोषण किया। जिसके चलते युवती गर्भवती हो गई। इसके बाद पीड़िता ने युवक से शादी करने के लिए कहा तो उसने बहाने बनाकर गर्भपात की दवा खिला दी। गोली खाने के बाद पीड़िता की तबियत बिगड़ गई, उसने परिजनों को आपबीती सुना दी। परिजनों ने उसे

**■ पीड़िता ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार**

निजी अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार दिलाया। पीड़िता के माता-पिता ने जब युवक और उसके परिजनों से शादी के लिए कहा तो उन्होंने रिश्ता जोड़ने से साफ इनकार कर दिया। सभासद ने भी दोनों पक्षों के बीच समझौता करने की कोशिश की लेकिन युवक और उसके परिजन। शादी को तैयार नहीं हुए। तबियत में सुधार होने के बाद पीड़िता ने शहर कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़िता का आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की। लिहाजा, अब उसने एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले की जानकारी से इंकार किया, शिकायती पत्र मिलने पर जांच व कार्रवाई की बात कही।

# दूसरी जगह रिश्ता करने पर फोटो वायरल करने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** युवती के फोटो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार थाना गजरौला के गांव निवासी युवती द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप है कि थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव धनौरी माफी निवासी प्रशांत व कावेन्द्र फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हैं। कहते हैं कि यदि उसका रिश्ता कहीं दूसरे स्थान पर हुआ तो वह उसके फोटो वायरल कर देंगे और जान से मारने की धमकी भी देते हैं। युवती ने परि. जनों को बारे में बताया, जिसके बाद पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ट्रेन की चपेट में आकर तेंदुए की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ट्रेन की चपेट में आकर एक तेंदुए की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माना जा रहा है कि तेंदुआ ट्रेक पार कर रहा होगा, तभी उधर से गुजर रही ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी होगी।

बता दें कि इस समय अमरोहा जनपद क्षेत्र में कई स्थानों पर तेंद. ुआ देखे जाने की घटनाएं सामने आ रहीं थीं। इंटरनेट मीडिया पर



भी तेंदुए के वीडियो प्रसारित हो रहे थे। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर के पास लोगों ने रेलवे ट्रेक पर एक तेंदुआ मृतावस्था में पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। मृतावस्था में मिले तेंदुए को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए के शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह सामने आया है कि तेंदुए की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। उसकी नाक से खून बह रहा था। बाकी मृत्यु का कारण पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट हो जाएगा।

# बिजली का खम्भा टूटकर सड़क पर गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** एलटी लाइन का खंबा टूटने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। बिजली विभाग को सूचना दे दी गई। नगर के संभल बस स्टैंड चौराहा पर गन्ना भरकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर एलटी लाइन का खंबा टूटकर सड़क पर गिर गया। जिससे आसपास में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि जिस समय खंबा टूटा उस समय उसके आसपास कोई नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा घटित हो सकता था। खंबे की चपेट में आकर घटना घटित हो सकती थी। नागरिकों द्वारा खंबा टूटने की सूचना तत्काल बिजली विभाग को दी गई। अवर अभियंता अजय कुमार ने बताया सड़क किनारे पुराना खंबा खड़ा हुआ था। उस पर लाइन भी नहीं थी। इस समय ट्रैक्टर ट्राली ओवरलोडिंग गन्ना भर कर सड़क पर दौड़ रहे है। प्रशासन का इस और ध्यान नहीं है।

# औद्योगिक इकाईयों के प्रदुषण से निजात दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भाकियू शंकर की पंचायत में किसानों ने औद्योगिक इकाईयों द्वारा छोड़े जा रहे प्रदुषण को लेकर चिंता व्यक्त की, वहीं उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा केसीसी धारकों से नवीनीकरण के नाम पर शुल्क वसूले जाने को लेकर रोष व्यक्त किया गया।

मंगलवार को नगर के फाजलपुर स्थित अधिशासी अभियंता के कार्यालय पर आयोजित पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि गजरौला वासियों सहित पूरे जनपद भर में गजरौला की औद्योगिक इकाईयों द्वारा विषैली गैसें छोड़कर जो प्रदूषण फैलाया जा रहा है। इस कारण गजरौला

**■ भाकियू शंकर की पंचायत आयोजित**

सहित पशु-पक्षी, फलदार वृक्षों के अलावा मानव और पशुओं में अनेकों बीमारियां फैल रही हैं, साथ ही प्रजनन क्षमता भी कम हो रही है। कैंसर, अस्थमा, टीबी जैसे रोगों से लोग जूझ रहे हैं तो वहीं मवेशियों का दूध भी घट रहा है। कहा कि गजरौला में एक बड़ा इलेक्ट्रॉनिक यूरेनियम कचरे को रिसाइक्लिंग संयंत्र लग रहा है जो हमारे जनपदवा. सियों को बर्बाद कर देगा। कैप्टन सुरेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक अपने किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रही है। पूर्ववर्ती केसीसी धारकों से नवीनीकरण करने पर दोबारा चार्ज काटा जा रहा




है। आज तक केसीसी की सब्सिडी नहीं लौटी गई है, पूछने पर कोई भी सकारात्मक जवाब नहीं मिलता। इसी के साथ ही अन्य वक्ताओं ने कहा कि यदि प्रदुषण से निजात दिलाने के साथ साथ अन्य मांगो को यथाशीघ्र पूरा नहीं किया गया तो आगामी 07 जनवरी को कलेक्ट्रेट का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सुखबीर भगत, बिट्टू चौधरी, डॉ. गोपाल सिंह, मंजू चौधरी, रविंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, सतवीर गुर्जर, विक्रम पवार आदि किसान मौजूद रहे।

# ड्यूटी को निकले होमगार्ड का शव खेत में मिला

## पुलिस ने शव का पीएम कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** बैंक में ड्यूटी के लिए निकले होमगार्ड का शव हाइवे स्थित गन्ने के खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पीएम कराया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां निवासी महावीर होमगार्ड थे। उनके परिवार में पत्नी प्रेमवती के अलावा एक बेटा धर्मेंद्र सिंह है। महावीर सिंह की ड्यूटी रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी में स्थित प्रथमा बैंक की सुरक्षा में चल रही थी। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वह वर्दी पहन ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। इसी बीच करीब साढ़े दस बजे महावीर सिंह का शव बुढ़नपुर से जिवाई की ओर जाने वाले रास्ते पर हाईवे किनारे गन्ने के खेत में पड़ा मिला। राहगीरों ने शव देख तुरंत सूचना कोतवाली में दी। थोड़ी देर में मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी मिलते ही कोतवाल हरीश वर्धन सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच-पड़ताल की। परि. जनों के मुताबिक महावीर सिंह दो महीने बाद रिटायर्ड होने वाले थे। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि होमगार्ड के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट में ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। परिजनों की तरफ से फिलहाल कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

# मस्जिद के चंदे को लेकर युवक को घर में घुसकर पीटा

## बचाव में आई पत्नी व बुआ भी घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मस्जिद के चंदे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। मारपीट में युवक और उनकी पत्नी व बुआ घायल हो गए। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर की है। यहां पर हारून का परिवार रहता है। उनका बेटा शमशाद गांव की मस्जिद की देखरेख करता है। मस्जिद में होने वाले चंदे का हिसाब भी उसी के पास रहता है। कुछ लोग उसका विरोध करते हैं। आरोप है कि 26 दिसंबर की शाम गांव के रहने वाले साईम, फिरासत, इख्तियार व इस्तेखार मस्जिद में होने वाले चंदे को लेकर विवाद करने लगे। गाली-गलौज करते हुए चारों शमशाद के घर में घुस गए। गालियां देने का विरोध करने पर शमशाद के साथ मारपीट की, बचाव में आई पत्नी व बुआ को भी पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर भीड़ इकट्ठी होती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है। आरो. पियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# माधव नर्सिंग होम के संचालक फरार

## प्रियंका केस में आरोपी डाक्टरों की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गांव नवाबपुरा भूड़ स्थित माधव नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद प्रसूता प्रियंका की मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। जहां एक ओर जिला मुख्यालय पर ग्रामीणों का आक्रोश फूटा, वहीं दूसरी ओर माधव नर्सिंग होम की संचालिका डॉ. ज्योति और राहुल कुमार समेत अन्य आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

मौत के बाद से ही आरोपी डॉक्टरों का अंडरग्राउंड हो जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है अगर गुनाह नहीं किया, तो फरारी क्यों? फरार आरोपियों की तलाश में दबिश, लेकिन गिरफ्तारी शून्य थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। संभावित ठिकानों पर पुलिस टीमें भेजी गई हैं और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। हालांकि, लगातार दबिश के बावजूद गिरफ्तारी न होना पुलिस कार्रवाई पर सवालिया निशान भी लगा रहा है।प्रियंका की मौत के बाद उठे सवाल अब सिर्फ एक परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की जवाबदेही पर आंच डाल रहे हैं। जनता की निगाहें अब पुलिस और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि माधव नर्सिंग होम मे ऑपरेशन थिएटर अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। बिना वैध डिग्री इलाज और सिजेरियन ऑपरेशन किए जा रहे थे। 22 दिसंबर को प्रसूता प्रियंका की हालत बिगड़ने पर उसे परिजनों की सहमति के बिना मेरठ के निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां इलाज के नाम पर दो लाख रुपये वसूले गए, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। सोमवार को समता सैनिक दल के बैनर तले जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए परिजनों और ग्रामीणों ने साफ कहा कि यदि डॉ. ज्योति, राहुल कुमार व अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# अवैध अस्पतालों पर चला स्वास्थ्य विभाग का डंडा

## प्रसूता की मौत के बाद जागा प्रशासन, आधा दर्जन नर्सिंग होम के ओटी सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गांव नबापुरा भूड़ स्थित माधव नर्सिंग होम में 26 दिसंबर को प्रसूता प्रियंका की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। घटना ने क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध अस्पतालों और ऑपरेशन थिएटरों की पोल खोल दी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के सख्त निर्देशों के बाद मंगलवार को धनौरा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने पुलिस टीम के साथ नगर व क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन अस्पतालों में अवैध रूप से संचालित ऑपरेशन थिएटरों पर ताले जड़ दिए। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मुस्कान नर्सिंग होम, बिजनौर नर्सिंग होम, ग्रीन नर्सिंग होम, श्री श्याम नर्सिंग होम



और धनवंतरी नर्सिंग होम समेत करीब छह अस्पतालों में चल रहे ऑपरेशन थिएटरों को सील किया। इन अस्पतालों में बिना मानक, बिना पंजीकरण और बिना अनुमति के सर्जरी किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि नगर व क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध अस्पताल या अवैध ऑपरेशन थिएटर का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इसके साथ ही अन्य संचालित अस्पतालों को भी नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। माधव नर्सिंग होम में हुई प्रसूता की मौत के बाद यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। ऑपरेशन थिएटरों पर लटके ताले यह संदेश दे रहे हैं कि लापरवाही और अवैध धंधे की अब कोई जगह नहीं है। सवाल बस यही है ?.क्या यह शि. कंजा आगे भी ऐसे ही कसता रहेगा, या फिर कुछ दिन बाद सिस्टम फिर ढीला पड़ जाएगा?

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः॥
भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्व0 डॉ0 आशुतोष भूषण शर्मा
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
डॉ0 आशुतोष भूषण शर्मा (पुत्र स्व.डॉ.विद्या भूषण शर्मा)
का स्वर्गवास दिनांक 20/12/2025, दिन शनिवार को हो गया था
प्रभु की जैसी इच्छा!
अतः उनकी दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आरष्टी एवं श्रद्धांजलि सभा
कार्यक्रम
31 दिसम्बर 2025, दिन- बुधवार
ब्रह्मभोज ........................ 12:00 बजे
रस्म पगड़ी ........................ 03:00 बजे
कार्यक्रम स्थल शिव इंटर कॉलेज, खादगूजर चौराहा, गजरौला।
-:शोकाकुल परिवार :-
डॉ.यश भूषण (पुत्र)
एड.सुभाष भूषण शर्मा (चाचा) (9837049694)
डॉ.स्वदेश भूषण शर्मा (बड़े भाई) (9868929630)
पंकज भूषण शर्मा (छोटे भाई), ई.अनिल शर्मा (छोटे भाई)
डॉ.रवि भूषण शर्मा (छोटे भाई)

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

## मौत होने से गांव में पसरा मातम, 19 दिसम्बर को घर में घुसकर दबंगों ने पीटा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर निवासी मोनू पुत्र हरस्वरूप ने 19 दिसंबर को थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि वह अपने भाई रवि के साथ घर पर बैठा था। इसी दौरान गांव पहाड़पुर निवासी नेपाल पुत्र तेजू, अभिषेक पुत्र देशराज, अजय पुत्र देशराज, बंशी पुत्र नामालूम तथा चरण सिंह पुत्र बाबू, नेपाल, अभिषेक व अजय निवासी इब्राहिमपुर ने घर में घुसकर दोनों भाइयों के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और धारदार हथियार से मारपीट कर दी। घटना में दोनों भाई घायल हो गए, जबकि रवि की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था। मंगलवार को उपचार के दौरान रवि की मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही इब्राहिमपुर में मातम छा गया। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि मामला साडू-साडू के बीच आपसी विवाद का था। घटना के बाद नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दो पक्षों में हुआ झगड़ा, चार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे पर दो पक्षों के बीच झगड़े की घटना से अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। वहीं चार आरोपितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करके उनका शांतिभंग में चालान किया गया। पुलिस के मुताबिक प्रशान्त पुत्र किशनपाल सिंह निवासी रहमापुर खालसा थाना गजरौला, अरुण यादव पुत्र सतवीर सिंह निवासी ग्राम तौफापुर थाना इंचौली मेरठ, ईशान्त पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी मुरदफरा थाना बाबूगढ जिला हापुड़ व अमित कुमार पुत्र योगराज निवासी गोविन्द पुर शकरपुर थाना किठौर का शांतिभंग में चालान किया।

# भूखे बच्चे पत्ते चाटें, कुत्ते घूमें कारों में...

## बाबा बंदगी की दरगाह पर आल इंडिया मुशायरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। ग्राम ढक्का में बाबा बंदगी शाह रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर ऑल इंडिया मुशायरे का भव्य आयोजन किया गया। देश के विभिन्न शहरों से आए मशहूर शायरों ने अपने दिलकश अशआर से महफिल को यादगार बना दिया। देर रात तक शायरी का सिलसिला चला और हर शेर पर श्रोताओं की ओर से जोरदार तालियों और "वाह-वाह" की गूंज सुनाई देती रही।

कार्यक्रम की शुरुआत शमा रोशन कर एडवोकेट विशाल चौधरी ने की। मुशायरे में अल्ताफ जिया ने कहा.. .आना तो था मुझे मगर आना नहीं हुआ, ये तो जनाब कोई बहाना नहीं हुआ। असद अशरफ के शेअर पर खास तालियां बजीं... हमने चाहा न मोहब्बत का तमाशा वरना, तू सरे बज्म नहीं शहर में रुसवा होता। सामाजिक सरोकारों को उजागर करते हुए खुर्शीद हैदर ने पढ़ा... अपने हिंदुस्तान को देखो शहरों के बाजारों में, भूखे बच्चे पत्ते चाटें, कुत्ते घूमें कारों में। इकरा नूर की गजल ने श्रोताओं को भावुक कर दिया... तेरे बगैर ये हालत है क्या किया जाए, बुझी-बुझी सी तबियत है क्या किया जाए। डॉ. फैसल शुजाअत ने अपने शेर से महफिल में रंग भर दिया... छोड़ा है जबसे तूने फैसल को ऐ सनम, अब वो मजा कहाँ है भला उस बहार में। वकार फराजी ने मोहब्बत और वफा का पैगाम दिया... कब कहाँ दर्द-ए-दिल की दवा चाहिए, आपसे सिर्फ मुझको वफा चाहिए। वहीं देशप्रेम से ओत-प्रोत शेर जमाल हसनपुरी ने पेश किया... ना बांग्लादेश रखते हैं ना पाकिस्तान रखते हैं, हम अपने दिल में बस नक्शा-ए-हिंदुस्तान रखते हैं। मुशायरे में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी, गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन साहित्य, संस्कृति और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं। कार्यक्रम का समापन अमन-चौन और भाईचारे की दुआ के साथ हुआ



सैदनगली। मुशायरे के दौरान कलाम पेश करते खुर्शीद हैदर।

# पैन को आधार से लिंक कराने को उमड़ी भीड़

## बैंकों में लगी लम्बी लम्बी लाइने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। आधार कार्ड एवं पैन कार्ड लिंक कराने के लिए बैंकों में भीड़ उमड़ पड़ी है। बैंकों में ग्राहकों की लंबी-लंबी लाइन लग गई है।

सोशल मीडिया पर आधार कार्ड एवं पैन कार्ड बैंकों में लिंक ना होने की स्थिति में खाता सीज होने का मैसेज तेजी के साथ वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे मैसेज में बताया गया है कि 1 जनवरी तक यदि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड को बैंक से लिंक नहीं कराया तो खाता धारक पर जुर्माना लगने के साथ ही खाता भी सीज हो जायेगा। अब क्योंकि एक दिन इसमें शेष रह गया है तो बैंकों में आधार कार्ड एवं पैन कार्ड को लिंक कराने के लिए खाता धारकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि अभी बड़ी संख्या में खाता धारकों ने आधार कार्ड एवं पैन कार्ड को लिंक कराने के लिए केवाईसी नहीं कराई है। स्टेट बैंक, केनरा बैंक, प्रथमा बैंक, एचडीएफसी बैंक के अलावा अन्य बैंकों में भी आधार व पैन को लिंक कराने के लिए खाताधारकों की भीड़ बढ़ गई है।

# शेल्टर होम में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं

## डीएम ने ईओ संग किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स द्वारा नगर पालिका परिषद के विभिन्न विकास कार्यों, सहित रैन बसेरा, वेंडिंग जोन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। पालिका नंदन / ऑक्सी वन मे पौधरोपण करते हुए स्टॉफ को आवश्यक निर्देश दिये गये।

इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार द्वारा बताया गया की जिलाधिकारी द्वारा आज प्रात: समय मे नगर पालिका परिषद अमरोहा के स्थायी रैन बसेरे स्थित बदावाला का निरीक्षण किया गया। शासन द्वारा निर्धारित मूलभूत सुविधाएं जो शेल्टर होम के लिए निर्धारित है। इस सम्बन्ध मे जानकारी लेते हुए सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। इसके उपरांत पालिका के अस्थाई रैन बसेरे स्थित निकट रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा पालिका के प्रस्तावित वेंडिंग जोन स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बदावाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम पर राष्ट्रीय संवाद

## वैंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय द्वारा बाईपास स्थित अटल सभागार में लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुल. पति प्रो. कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय सहित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से सम्बद्ध विजन इंडिया की सर्टिफाइड ट्रेनर सुश्री प्रियंका गर्ग एवं सुश्री साईमा अनवर ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न, विशेष रूप से महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न की रोकथाम के उपायों, प्रीवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट के प्रावधानों तथा शिकायत की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने महिलाओं से किसी भी प्रकार के शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न के विरुद्ध निडर होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि लैंगिक उत्पीड़न पर प्रभावी अंकुश लगाकर ही महिला सशक्तीकरण के माध्यम से विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय व अस्पताल के प्रबंधन, चिकित्सक, एचआर विभाग तथा बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# रहरा में आधार कार्ड संशोधन का कार्य जल्द शुरू हो

## भाकियू शंकर की पंचायत में उठी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा**। भाकियू शंकर की पंचायत में देहरी खादर में प्रस्तावित बिजलीघर का कार्य अब तक शुरू न होने का मुद्दा उठाया तथा हसनपुर तहसील की किसान सेवा सहकारी समितियों में किसानों के साथ अभद्र व्यवहार व भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

रहरा ब्लाक परिसर में भाकियू शंकर की मासिक पंचायत हुई। जिसकी अध्यक्षता संभल के जिलाध्यक्ष संभल ओमवीर सिंह यादव ने की वक्ताओं ने मांग की कि किसान आयोग का गठन डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार किया जाए। साथ ही अमरोहा को विकास प्राधिकरण का दर्जा देने तथा गजरौला में ट्रामा सेंटर की स्थापना की आवश्यकता पर जोर दिया गया। पंचायत में रहरा गंगेश्वरी ब्लॉक कार्यालय में आधार कार्ड बनाने के उपकरण महीनों से उपलब्ध होने के बावजूद चालू न किए जाने पर नाराजगी जताई गई और आधार कार्ड व संशोधन कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई। किसानों ने यूनियन ने मांग की कि संबंधित अधिकारियों को तहसील से बाहर भेजा जाए। इसके अलावा आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाते हुए गौशालाओं को सक्रिय कर पशुओं को पकड़वाने की मांग की गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र कुमार, डॉ. शीशपाल सिंह, कमल ठाकुर, राकेश कुमार, सुभाष त्यागी, बालकिशन, रूप किशोर, धनपत सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन चुनाव मतदान आज

## अध्यक्ष पद पर सीधी टक्कर, 157 अधिवक्ता डालेंगे वोट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मी अपने चरम पर है। आज मंगलवार को सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा, जिसमें कुल 157 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न होगा। सबसे ज्यादा चर्चा अध्यक्ष पद को लेकर है, जहां एडवोकेट मूलचंद त्यागी और एडवोकेट संदीप कुमार गुप्ता के बीच सीधा मुकाबला तय है। दोनों ही प्रत्याशियों ने अंतिम दौर में प्रचार तेज कर रखा है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मूलचंद त्यागी ने मंगलवार को भी बार परिसर में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की और कहा कि जिम्मेदारी मिली तो अधिवक्ताओं के हितों को प्राथमिकता के साथ मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। चुनाव अधिकारी रविंद्र प्रताप यादव, एडवोकेट ने बताया कि मतदान समाप्त होने के बाद दोपहर 3:30 बजे से मतगणना शुरू होगी और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से कराई जाएगी। उधर, मतदान को लेकर बार परिसर में सुबह से ही हलचल तेज है। वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं की सक्रियता से चुनावी माहौल गरमाया हुआ है। अब सबकी निगाहें आज होने वाले मतदान और उसके बाद आने वाले नतीजों पर टिकी हैं, जो नई कार्यकारिणी की दिशा तय करेंगे।

# धर्म रक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर में मंगलवार को आर्य समाज मंदिर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के तत्वाधान में 'धर्म रक्षा दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह द्वारा लगाये गये 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय और जोश से भर गया।

धर्म रक्षा और जनजागरण का संदेश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप के जिला मंत्री विपिन शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष 21 से 31 दिसंबर तक धर्म रक्षा दिवस के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म के प्रति जागरूकता लाना और गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को नमन करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अभियान धर्म परिवर्तन जैसी कुरीतियों के विरुद्ध समाज को एकजुट करने के लिए चलाया जाता है। जिसमें संत समाज और सभी हिंदू संगठनों का पूर्ण सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में विमल अग्रवाल, महिपाल सिंह, मोहित अग्रवाल, राहुल हिंदुस्तानी, अमित शर्मा, कविता सैनी, जगपाल मौर्य, दिनेश अग्रवाल, विश्व पति सक्सेना, अतुल शर्मा, विजय पारछा, अरुण त्यागी, मनोज गोयल, संदीप गुप्ता विपिन गोयल आदि मौजूद थे।

# एक भी ब्राह्मण के पास थाने का चार्ज नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जनपद में ब्राह्मण कोटे से एक भी एसएचओ नहीं है। जबकि अन्य सभी जातियों के इंस्पेक्टर व दरा. `गा थानों की कमान संभाले हुए हैं।

पिछले दिनों लखनऊ में भाजपा से ब्राह्मण समाज से जुड़े विधायकों ने बैठक बुलायी थी। जिसमें अधिकांश ब्राह्मण विधायक शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होने आरोप लगाया था कि ब्राह्मण समाज के लोगों को सत्ता में भागेदारी उनकी हैसियत के हिसाब से नहीं मिल रही। जिले में 13 थाने हैं। अमरोहा नगर में पंकज तोमर, अमरोहा देहात,डिडौली में हर्षवर्धन सिंह, रहरा में ठाकुर जाति, गजरौला व हसनपुर में अनुसूचित जाति, बछरायूं, सैदनगली व रजबपुर में जाट, जबकि नौगांवा में गुर्जर, धनौरा में यादव व महिला थाने की कमान वैश्य समाज की महिला संभाले हुए है। परन्तु जनपद में एक भी थाने का चार्ज ब्राह्मण कोटे से नहीं है।

## हार्टअटैक से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया के मोहल्ला पधानों निवासी निजामुद्दीन उम्र 50 वर्ष की अचानक सीने में दर्द उठने की शिकायत पर परिजन सोमवार के दोपहर अस्पताल ले जा रहे थे तो निजामुद्दीन ने दम तोड़ दिया डॉक्टर ने बताया की हार्ट अटैक से मौत हुई है। इनके भाई इस्लामुद्दीन सुहेलदेव पार्टी में जिला उपाध्यक्ष है।

# चर्चित सीएमओ आज होंगे सेवानिवृत्त

## भाजपा नेता पिंटू भाटी सड़क पर भिड़ गये थे सीएमओ से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह कल (आज) सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी जगह कौन लेगा, इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

बताते चलें कि दो वर्ष पूर्व डा. सत्यपाल सिंह को मुख्य चिकित्सा अधिकारी का चार्ज मिला था। उनका कार्यकाल काफी विवादों भरा रहा। करीब एक साल पहले उन्होंने हसनपुर में कई झोलाछाप अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड केन्द्रों को सील किया था। इनमें एक जिला पंचायत सदस्य पति पिंटू भाटी का भी अस्पताल शामिल था। जब भाजपा नेता को इसकी भनक लगी तो उन्होंने सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह की गाड़ी का घेराव कर लिया तथा बीच सड़क पर उनसे भिड़ गये। काफी फजीहत के बाद अगले दिन सीएमओ ने भाजपा नेता पिंटू भाटी समेत उनके कई अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी। एक जनप्रतिनिधि ने इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ दिया तथा पुलिस अफसरों पर इस मामले में भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई न करने का दबाव बनाया। अंत में सीएमओ डा. सत्यपाल भी बैकफुट पर आ गये तथा उन्होंने जनप्रतिनिधि से माफी मांगकर अपना पिंड छुड़ाया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह व भाजपा नेता के बीच नोकझोंक को अपने पेज पर टैग किया था।

**अवैध नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड केन्द्रों से अवैध वसूली को लेकर रहे चर्चाओं में**

इसके अलावा अस्पतालों व झोलाछापों सें अवैध वसूली के आरोप भी डा. सत्यपाल पर लगे। डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने कई बार सीएमओ की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते उन्हें लताड़ भी लगायी। धनौरा के विधायक राजीव तरारा ने प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में सीएमओ डा. सत्यपाल पर आरोप लगाया था कि जिले में अवैध अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड केन्द्रों तथा झोलाछापों से वह अवैध वसूली करते हैं। जबकि हसनपुर के विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने भी सीएमओ की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जतायी थी। सीएमओ ने उनसे घर जाकर माफी मांगकर किसी तरह बाद में उन्हें अपने पक्ष में राजी कर लिया था। कल (आज) सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह का कार्यकाल पूरा हो रहा है। उनके सेवानिवृत्त होने से पूर्व ही अगले सीएमओ को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## सड़क पार कर मजदूर को मारी टक्कर

**जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 9 पर आज मंगलवार की शाम करीब 5:30 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में होमगार्ड सहित दो लोग घायल हो गए। जोया की तरफ से की तरफ जा रहे हैं बाइक सवार होमगार्ड राजवीर सिंह निवासी गांव पपसरा थाना रजबपुर ने बाजार करके सड़क पार कर रहे एहसान निवासी गांव कालखेड़ा थाना डिडौली को टक्कर मार दी टक्कर लगने के बाद बाइक सवार होमगार्ड भी उछलकर दूर गिरे और एहसान भी सड़क पर दूर गिर जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलते पुलिस मौके पर बच्चे दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 12405 / 453सी0(ई0टेण्डर)–3 / 25 दिनांकः 24.12.2025

ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1–महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दरों पर ई–निविदा दिनांक 02.01.2026 से दिनांक 10.01.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 10.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025–26 मे जनपद बरेली में विजोड़ा नदी पर स्थित हरदोई घाट पर पान्टून सेतु / फेरी का निर्माण, संचालन, सुरक्षात्मक रख–रखाव एवं वर्षा ऋतु से पूर्व पान्टून इत्यादि को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का कार्य। | निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,बरेली | 45.48 | 4.27 | 08 माह | 2725.00 | ए. बी. सी (सेतु कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

UPID-243330, DATE-29/12/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

# नेशनल हाइवे पर बना अवैध टैक्सी स्टैंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। अवैध टैक्सी स्टैंडों पर कार्यवाही के बाद भी नही मान रहे टेक्सी चालको ने आज एक लाइन मे नेशनल हाइवे पर खड़ा कर चार वाहन मे सवारी बैठाते कोहरे के चलते हाइवे पर खड़े वाहनो पर यातायात पुलिस ने कार्यवाही की थी कुछ समय रोड पर खड़े वाहन चालकों मे अफरा तफरी मची थी।हाइवे पर अवैध टैक्सी स्टैंडों पर कई बार यातायात पुलिस टीम ने अभियान चलाकर अमरोहा जिले के कस्बा जोया में हड़कंप मचा था। मगर आज हाइवे पर चार वाहनो को खड़ा कर अवैध टैक्सी स्टैंड बना दिया है इस पर जोया पुलिस की सख्त कार्यवाही करने के बाद भी टैक्सी चालको पर इस बात का कोई असर नही हुआ । उधर बेलगाम हुए ई रिक्शा चालक भी ई रिक्शा को लेकर सर्विस रोड पर खड़ा कर सवारियों का इन्तजार करते है। पिछले दिनों टोल टेक्स पर अवैध रूप से खड़े वाहन मे पीछे से एक कार टकरा गई थी जिसमे चार डॉक्टरों की मौत हो गई थी इसी तरह से मुरादाबाद की दिशा से फ्लाई ओवर से उतरते समय वाहन की स्पीड तेज हो जाती है ये नेशनल हाईवे पर खड़े वाहन हादसे को न्यौता दे रहे है।वही जोया में अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंड पर टैक्सी ड्राइवरों का हौसला बुलंद हो गया बे खौफ होकर हाईवे पर खड़ा कर टैक्सी भर रहे है।जोया में सर्विस रोड पर भी रूप से अवैध टैक्सी स्टैंड बना है। ये हाइवे पर खड़ी गाड़ी किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकता हैं ।



# माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी की परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूचि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत**। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बोर्ड परीक्षा के केंद्रों की अंमित सूचि जारी कर दी है। परिषद ने जनपदीय समिति की ओर से प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों को केंद्र घोषित कर दिया है। जिले में 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जनपदीय समिति की ओर से जिले में 37 बोर्ड परीक्षा केंद्रों की सूची परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर 22 दिसंबर तक ऑनलाइन आपत्ति मांगी गई थी। जिले में हाईस्कूल की परीक्षा के लिए 13663 और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 14624 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। जनपदीय समिति के अनुमोदन के बाद अब परिषद ने परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूचि जारी कर दी है। सभी केंद्र व्यवस्थापकों को केंद्रों पर परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने के निर्देश दिए है।

# बिसौली: बिजलीघर पर लगा मेगा कैंप साढ़े दस लाख की राजस्व वसूली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मंगलवार को विद्युत उपकेन्द्र बगरैन बिजलीघर पर मेगा कैंप लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिजली बिल जमा कराए। बुधवार को कैंप में 69 उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना लाभ उठाया और 40 उपभोक्ताओं से साढे दस लाख रुपए का राजस्व बसूला गया। कैंप इंचार्ज हितेंद्र सिंह ने बताया बुधवार को पहले चरण का अंतिम दिन है।

इसलिए विभाग की ओर से एक काउंटर और बढ़ाया जाएगा, जिससे किसी भी बकायादार उपभोक्ता को कोई दिक्कत न होने पाए। उन्होंने कहा कि विद्युत बकायादारों को बिल में भारी छूट मिल रही है।

# पुलिस ने दुपहिया वाहनों के काटे चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** नवनिर्मित पुलिस चौकी पर यहां के पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार , उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार नेहवाल , हेड कांस्टेबल प्यारे खां, आकाश ढाका आदि पुलिस स्टाफ ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान पुलिस ने शक के आधार क्षेत्रीय पुराने राजनैतिक गांव मन्नू नगर निवासी युवक की मोटर साइकिल बजाज डिस्कवर यूपी 22 वी 3862 सहित अन्य कई वाहनों का चालान काटा। पुलिस द्वारा काटे गए चालान के भुक्तभोगी मोटर साइकिल चालकों ने अपने बचाव के लिए क्षेत्र के असरदार लोगों का भी परिचय दिया पर पुलिस ने अपनी कर्मठता व उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को सफल बनाने का लक्ष्य पूरा करने में कोई कोताही नहीं बरती ।पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा ।

# ईओ ने रैन बसेरा व नगर के अलावों का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** ठंड का प्रकोप बढ़ने पर सोमवार रात नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रवि यादव ने रैन बसेरे और विभिन्न स्थानों पर अलावों का निरीक्षण किया। उन्होंने पालिका कर्मचारियों को निर्देश दिए की सभी जगह व्यवस्थाएं पूरी रखें। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ईओ रवि यादव ने सोमवार रात नगर के रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर उन्होंने अलाव भी देखें। जहां लोग अलाव तापते मिले।

उनसे बात भी की गई। यादव ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ठंड में गरीबों को किसी तरह की दिक्कतें न हों। नगर पालिका द्वारा संचालित अस्थाई रैन बसेरे का ईओ रवि यादव ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरे में रजिस्टर देखा। वहां मौजूद व्यवस्थापक व कर्मचारियों से बातचीत की। ठंड में कोई व्यक्ति खुले में रात न गुजारे इस पर विशेष ध्यान देने को निर्देशित किया। ईओ ने बताया कि सर्दी



के इस मौसम में किसी भी निराश्रित को असुविधा न हो इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। वहीं अलाव नगर के सभी प्रमुख चौराहों, बस स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। इस दौरान अलाव एवं रैन बसेरा प्रभारी राजीव कुमार उपस्थित रहे।

# दो जनवरी से 27 मार्च तक होगा ग्राम चौपाल का आयोजन

**शाह टाइम ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों में 02 जनवरी से 27 मार्च 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल (गॉव की समस्या, गाँव में समाधान) का आयोजन कराया जाएगा।

जनवरी से मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को समस्त ब्लॉक की दो-दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल आयोजित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में ग्राम चौपाल आयोजित किये जाने हेतु ग्राम पंचायतों का त्रैमासिक रोस्टर तैयार किया गया है। जनपद के जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त (स्वत: रोजगार व श्रम रोजगार) एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग करने हेतु।

दिशा-निर्देश भी जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम चौपालों वाले ग्रामों में 03 दिवस पूर्व साफ-सफाई का अभियान चलाकर सफाई कार्य कराये जाने एवं ग्राम चौपालों हेतु नामित अधिकारीगणों द्वारा किसी एक ग्राम पंचायत में गठित किसी एक स्वयं सहायता समूह का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# कुंवरगांव: घायल मिला राज्यपक्षी सारस

**ग्रामीणों ने तुरंत सारस को उठाया और सुरक्षित स्थान पर बैठाया तथा वन विभाग की टीम को सूचना दी। सूचना पर पहूंची वन विभाग की टीम घायल सारस को अपने साथ ले गई । सारस को सुरक्षित पहुंचाने वालों में चकोलर निवासी राजेश वर्मा, जोगेन्दर पुत्र गणेश, हरीश पुत्र आदि।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवरगांव।** कुंवरगांव क्षेत्र के गांव चकोलर में ग्रामीणों ने मंगलवार को एक राज्यपक्षी सारस की जान बचाकर सराहनीय उदाहरण पेश किया।

मिली जानकारी के अनुसार, चकोलर निवासी राजेश वर्मा पुत्र ओमप्रकाश दवा लेने अपने परिजनों के साथ बदायूँ जा रहे थे कि तभी चकोलर से दुगरैया जाने वाले रास्ते पर तालाब के पास उन्होंने भागीरथ पुत्र हरिशंकर के खेत में घायल सारस को देखा जो कि दर्द से तडप रहा था । उन्होंने आवाज देकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों को बुलाया,बताया जाता है कि सारस के दोनों पैरों में गंभीर चोट लगी थी जिसके कारण वह खडा तक नहीं हो पा रहा था तथा लगातार दर्द से कराह रहा था।

ग्रामीणों का अनुमान है कि उड़ान के दौरान ऊपर से गुजर रही 11 हजार की हाईटेंशन लाईन से टकराने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# बाइक सवार दो लोगों को पिकअप ने रौंदा,दो लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** विकास खंड क्षेत्र के दो बाइक सवारों को बाजार से घर वापस लौटते समय रास्ते में बदायूं से मुरादाबाद राजमार्ग पर कस्बा मुड़िया धुरकी बस स्टैंड के निकट बिसौली की ओर से तीव्र गति से आ रहे पिकप चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे बाइक चालक राजीव कुमार ( 35 ) पुत्र मैनपाल सिंह व बाईक पर बैठे रामतीरथ ( 50 ) पुत्र स्वर्गीय राजाराम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुंची थाना फैजगंज बेहटा की पुलिस ने पिकप यूपी 24 ए टी 3155 व पिकप चालक को कब्जे में ले लिया और घायलों का प्राथमिक उपचार कराया। घायल दोनों मोटर साइकिल सवार थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मानपुर निवासी हैं। यह घटना बीते सोमवार देर शाम करीब 9 बजे के इर्द गिर्द की बताई जा रही है दोनों मोटर साइकिल सवार राजीव कुमार व रामतीरथ अपने पड़ोस के कस्बा मुड़िया धुरेकी से घरेलू सामान लेकर अपनी मोटर साइकिल से घर वापस लौट रहे थे कि तेज गति से आ रहा पिकप चालक दोनों मोटर साइकिल सवारों को भारी मुसीबत का सबब बन गया। फिलहाल दोनों मोटर साइकिल सवार राजीव कुमार व रामतीरथ चंदौसी के एक निजी अस्पताल में इलाजरत हैं । यह जानकारी घायल रामतीरथ के भाई महाराज सिंह ने दी ।

# स्थानीय साप्ताहिक बाजार में पुलिस ने फ्लैगमार्च कर सुरक्षा व्यवस्था परखी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा प्रभारी राजकुमार सिंह के निर्देशन में स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , प्रमोद कुमार नेहवाल , हेड कांस्टेबल प्यारे खां , आकाश ढाका आदि पुलिस स्टाफ ने मुख्य सड़क से लेकर स्थानीय साप्ताहिक द्वंदपुर का बाजार सहित क्षेत्र में गश्त की ।इस दौरान बाजार में आने जाने वाले ग्राहकों ने बेहतर सुरक्षा का अहसास किया ।

## एक नजर

# 15 फरवरी तक करें उम्मीद पोर्टल पर वक्फ की फीडिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि शासन ने एकीकृत वक्ष्फ प्रबन्धन,सशक्तिकरण,दक्षता और विकास अधिनियम के अनुसार उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल पर मौजूदा वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु दिनॉक 15 फरवरी 2026 तक तिथि बढ़ा दी गयी हैं। इसके लिए जनपद स्तर पर चार सुन्नी एवं एक शिया वक्फ कोआर्डिनेटर तैनात किये गये हैं। उम्मीद पोर्टल पर वक्ष्फ सम्पत्तियों को दर्ज कराने हेतु मुतवल्लियों को सुविधा प्रदान करने के लिए जनपद स्तर पर उम्मीद पोर्टल फीडिंग सैन्टर मदरसा आलिमा जनाब लाल. पुल बदायूँ में स्थापित किये गया हैं। इस सैन्टर पर मुतावल्ली आवश्यक पत्राजातों सहित उपस्थित होकर अपनी वक्फ सम्पत्ती का विवरण दर्ज करा सकता है। अथवा स्वयं भी फीड कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उम्मीद पोर्टल पर मौजूदा वक्ष्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड करने के लिए सुन्नी एवं शिया सेन्ट्रल वक्ष्फ बोर्ड लखनऊ के दो उच्चाधिकारियों को अप्रूवर के रूप में तथा मुख्य कार्यपालक/कार्यपालक अधिकारियों/मास्टर ट्रेनर को चेकर के रूप में नामित किया गया है। इसके साथ ही बोर्ड द्वारा जनपद के बड़े औकाफ से सम्बन्धित मुतवल्ली अनीस अहमद 9719453965, जावेद अहमद 8433114873, नूर मुहम्मद- 9528322786, इबादुर रहमान- 9319367973 (सुन्नी वक्ष्फ बोर्ड) एवं जाबिर जैध्दी 8439501230(शिया वक्फ बोर्ड) को जनपद के नोडल/कोआर्डिनेटर के रूप में नामित किया गया है,जो जनपद में अन्य मुतवल्लियों से सम्पर्क स्थापित कर उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 पर वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड कराए जाने की कार्यवाही करेंगे। उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल से सम्बन्धित किसी भी जानक. ारी के लिए वक्ष्फ का मुतवल्ली कम्प्यूटर के जानकार व्यक्ति के साथ किसी भी कार्यदिवस में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या-86 कलैक्ट्रेट बदायूँ में उपस्थित हो।

# डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बन्दी बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्ति. जनक व प्रतिबंधित सामाग्री का मिलना प्रकाश में नहीं आया है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक से सीसीटीवी कैमरो के संचालन के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan 741@gmail-com

# 01 व 03 जनवरी को होगा प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु चयन ट्रायल

**शाह टाइम ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला क्रीडाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद अयोध्या में प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक/ बालिका एवं प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष/ महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 06 से 16 जनवरी 2026 तक सुनिश्चित है, जिसमें मण्डल स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक / बालि. का एवं सीनियर पुरुष / महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता चयन / ट्रायल्स का आयोजन बरेली के डोरी लाल स्पोटर्स स्टेडियम मे दिनांक 03 जनवरी 2026 को प्रात: 10:00 बजे किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद सारीय समन्वय सब जूनियर बालक बालिका एवं सीनियर पुरुष / महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता चयन / ट्रायल्या दिनांक 01 जनवरी 2026 को प्रात 10:00 बजे स्पोटर्स स्टेडियम बदायूँ में किया जायेगा । इवेट्स सब जूनियर बालक में 100, 200, 400, 800 मी0 दौड़, 100 मी0 हर्डिल्स, हाई जम्प, लांग जम्प, शॉट पुट डिस्कस, जैतेलिन थो, बा. कंग 5000 मी0। इवेट्स सब जूनियर बालिका में 100, 200, 400, 800 मी0 दौड, 100 मी0 हर्डिल्स, हाई जम्प, लांग जम्प, शॉट पुट, डिस्कस, जैवेलिन थ्रो वाकिंग 3000 मी0। इवेट्स सीनियर पुरुष में 100, 200, 400, 800, 1500, 3000 मी0 दौड़, 110 मी0 हडिल्स, 400 मी0 हडिल्स, 2000 मी0 स्टीपल चेस हाई जम्प, लांग जम्प, ट्रिपल जम्प शॉट पुट डिस्कस, जैवेलिन थ्रो, वा. कंग 10000 मी0 तथा इवेट्स सीनियर महिला 100, 200, 400, 800, 1500, 3000 मी0 दौड, 110 मी0 हडिल्स, 400 मी0 हडिल्स, 2000 मी0. स्टीपल चेस, हाई जम्प, लांग जम्प, ट्रिपल जम्प शॉट पुट डिस्कस, जैवेलिन थ्रो, वाकिंग 5000 मी0 होगी।

# आज महर्षि वाल्मीकि सेना के कार्यकर्ता करेंगे कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महर्षि वाल्मीकि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री रहे दिवंगत रामचन्द्र वाल्मीकि के पुत्र गौतम रामचन्द्र वाल्मीकि ने एक प्रेस नोट जारी करके बताया कि आज (31 दिसंबर) महर्षि वाल्मीकि सेना के कार्यकर्ता आरक्षण में वर्गीकरण की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे। गौतम रामचन्द्र का कहना है कि वाल्मीकि समाज भाजपा का परंपरागत समर्थक है और भाजपा केन्द्र व राज्य में शासित है। साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आरक्षण में आरक्षण के नियम को लागू कर चुकी है।

# कड़ाके की सर्दी के बीच राज्यमंत्री ने चौराहे पर लगाई चाय चौपाल



**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार मंगलवार की सुवह शहर के चावला चौराहा पर आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए जहा बड़ी संख्या में लोगो ने उनका स्वागत अभिनन्दन किया वहीं विकास को लेकर सवाल जवाब भी किये जहां राज्यमंत्री ने लोगो के सवालों के सटीक जवाब भी दिये और क्षेत्र में कराये गये विकास कार्यो एवं डबल इंजन भाजपा की सरकार की उपलब्धियों को भी बताया। राज्यमंत्री संजय गंगवार के सर्द मौसम चावला चौराहा पहुचने पर जहा युवाओ में उनका मालाओं से स्वागत किया वही जय श्रीराम के नारो के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। चौराहे पर लगे अलाव के चारो तरफ लोगो ने चौपाल लगाकर समस्याओ सम्बन्धी सबाल जबाव किये जिनके जबाव राज्यमंत्री ने देते हुए बताया की भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र में विकास को तीर्व गति प्रदान की है जिसके अन्तर्गत मेडिकल कालेज की स्थापनाए नर्सिंग कालेज की स्थापनाए भरापचपेड़ा में खमीर प्लान्टए पीएमश्री विद्यालय की स्थापनाए शाही के समीप अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना के अलावा बेरोजगार युवाओं के लिए भरापचपेड़ा में उधोगो की स्थापना कराने के प्रयास किये जा रहे है। इसके अलावा पीटीआर में पर्यटको के लिए टेन्ट सिटी के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करानाए क्षेत्र में सड़कों के नव निर्माण एवं उनके चौड़ीकरण का कार्य कराया जाना शामिल है। उन्होनें इस मौके पर मौजूद युवाओं एवं क्षेत्र के नागरिकों से क्षेत्र के तीव्र विकास के लिए भाजपा के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने की अपील की। सुबह 8 बजे हुई चाय पर चर्चा के कार्यक्रम के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष इन्द्रेश सिंह चौहानए बैंक उपाध्यक्ष पूरन लाल गंगवारए नगर मंत्री अमरीष शर्माए नगर मंत्री ओमकार मौर्य आदि रहे।

# नगर पंचायत हर्रा में डेयरी संचालकों के साथ की बैठक

**अधिकारियों ने कहा निर्धारित समय में सुधार नहीं हुआ तो होगी कड़ी कार्रवाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** नगर पंचायत हर्रा में डेयरी संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बे की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर गंभीर चर्चा हुई। बैठक के दौरान नगर पंचायत अधिक. ारियों ने साफ शब्दों में डेयरी संचाल. कों को हिदायत दी कि गोबर और गंदगी को खुले में डालने की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगाई जाए। अधिक. ारियों ने कहा कि डेयरी से निकलने वाला गोबर सड़कों और नालियों में फैलने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई मार्ग दलदल में तब्दील हो चुके हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

नगर पंचायत ने सभी डेयरी संच. ालकों को 15 दिन का समय दिया है, ताकि वे अपने-अपने स्तर पर सुधार कर लें और गोबर के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पेड़ पर लटका मिला लापता युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिलाए युवक एक दिन से लापता था। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया ;सूफी नगरद्ध निवासी बहार ;पुत्र बाबूद्ध सोमवार दोपहर से लापता था। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी बहार का कोई पता नहीं चल सकाए जिससे परिवार चिंतित था। मंगलवार सुबहए घर से करीब चार किलोमीटर दूर पिपरिया दुलई के मजरा आंखें में ग्रामीणों ने एक खेत के किनारे आम के पेड़ पर एक युवक का शव लटका देखा। सूचना मिलने पर खेत स्वामीए पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। युवक की पहचान लापता बहार के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी ;सीओद्ध डॉण् प्रतीक दहिया और कोतवाल पवन कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा भरा गया और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। जांच के दौरान पुलिस को मृतक के पास से उसका मोबाइल फोन मिला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिकए मोबाइल में कुछ कॉल रिकार्डिंग्स और अन्य डेटा मौजूद हैंए जो मामले की गुत्थी सुलझाने में अहम साबित हो सकते हैं। थाना अध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल्स और रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। बहार की मौत की खबर से सूफी नगर में शोक का माहौल है। परिजनों ने इस घटना के पीछे गहरी साजिश की आशंका जताई है। पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# अवैध शस्त्र सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तध्हिस्ट्रीशीटर को एक अवैध शस्त्र 315 बोर सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। जनपद में अपराधों की रोकथाम व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व गौकशी अपराधों में संलप्ति अपराधियों के सत्यापनए गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर की पुष्ट सूचना के आधार पर थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तध्हिस्ट्रीशीटर अकरम पुत्र सूखा नि० मो० कुरैशियान ग्राम शेरपुर कला थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत को भगवन्तापुर जाने वाली सड़क पर टंकी के सामने पुलिया के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अपराधी नसीर उपरोक्त के विरुद्द मुकदमा अपराध संख्या 772ध्25 धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

# जिला गन्ना अधिकारी गन्ना क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** एलएच चीनी मिल पीलीभीत के क्रय केंद्र बिठौरा खुर्द द्वितीय का औचक निरीक्षण खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत एवं राम भद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत द्वारा किया गया।

क्रय केंद्र पर प्रेम पाल तौल कार्य कर रहे थे। तौल लिपिक द्वारा बताया गया कि वह इस क्रय केंद्र पर 18 दिसंबर से तौल कर रहे है। अब तक क्रय केंद्र पर 15307ण्64 कुं गन्ने की खरीद की जा चुकी है। क्रय केंद्र पर चौथे पक्ष के ग्यारहवे कालम की पर्चियों की तौल हो रही है। क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानों द्वारा बताया गया कि जब वह तौल हेतु क्रय केंद्र पर आते है तो उनसे गन्ना उत्तराई के नाम पर 150 रूपये लिये जाते है।

जब इस सम्बन्ध मे तौल लिपिक से बात की गयी तो उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। निरीक्षण नोट पर गन्ना उत्तराई की बात दर्ज कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में सभी अध्यासी एवं प्रधान प्रबंधक को पहले ही मिनिस्त्री यसण् गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश की तरफ से निर्देश जारी किये जा चुके है कि गन्ना क्रय केन्द्रो पर लोडिंगध्अनलोडिंग का कोई शुल्क किसानों से नहीं लिया जायेगा। किसानों से शुल्क लेने का यदि कोई प्रकरण आता है तो सम्बंधित चीनी मिल प्रबंधन के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गन्ना ; पूर्ति तथा खरीद विनियमनद्ध अधिनियम 1953 एवं सुसंगत नियमावली 1954 में निहित प्रविधानो के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण करने के बाद निरीक्षण की मूल प्रति सम्बंधित दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही हेतु सहायक चीनी आयुक्त बरेली को भेज़ दी गयी है। जिलाधिकारी पीलीभीत के संज्ञान मे लाकर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के समय गन्ना किसान बाबू रामए उद्देश्य कुमारए कंचन लाल व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## रंजिशन दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में जमकर चले लाठी डंडे

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** घर में पशुओं को चारा डाल रही एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर रंजिशन घर में घुसकर उसके व परिवार के लोगों पर लाठी डंडो और धारधार हथियार से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को दी जिसपर पुलिस ने 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम मुडिया नवी वक्श थाना बहेड़ी निवासी हेमवती पत्नी महेन्द्र सिंह का कहना है कि बीती 25 तारीख की सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर के अन्दर पशुओं को चारा डाल रही थी। इतने में राजेश पुत्र धर्मदास मौर्य बंका हाथ में लेकर आया और उसके सिर में वार कर दिया जिससे वह लहुलुहान हो गई। उसके साथ आये राजेश पुत्र धर्मदास ने फावड़ा से हमला कर उसके घर के डोरी लाल को, जोगराज ने ईट व पत्थर से मिहई लाल को, मेवाराम पुत्र ओगराज ने लाठी से हरिशंकर को घायल कर दिया। सुखलाल व प्रीतम पुत्र रुद्री प्रसाद लाठी से हमला कर रहा था तथा बबलू पुत्र छेदालाल ईट व पत्थर मार रहा था। शिकायत के बाद पुलिस ने हमले के आरोपी राजेश, डोरी लाल, मेवाराम, सुखलाल, पीतम बब्लू निवासीगण ग्राम मुंडिया नवी बक्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

उधर दूसरे पक्ष की प्रेम कुमारी पत्नी धर्मदास का कहना है कि बीती 25 दिसम्बर की सुबह करीब साढ़े 8 बजे जब वह गांव में ही अपनी खाली जगह पर निर्माण कार्य करवा रही थी तभी गांव के ही मिढही लाल पुत्र गेंदल लाल, हरीशंकर पुत्र मिढही लाल, मालदेई पत्नी मिढही लाल वहां पहुंचे और ईटे व लाठी डंडे व धारदार हथियार से उसकी व उसके पुत्र राजेंद्र और बहु कुसुमा की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान उक्त लोगों ने धमकी दी कि वह यहाँ निर्माण नही होने देंगे। धमकी दी कि अगर निर्माण किया तो उन्हें एस.सी. एस.टी के झूठे केस मे फंसा देंगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन छह मार्च को

**■ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का छह जनवरी को होगा आलेख्य प्रकाशन**




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने आज अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अब तक 2689338 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को क्पहपजप्रमक किया गया है, जिसके सापेक्ष 220182 मतदाताओं को छव डंचचपदह की श्रेणी में चिन्हित किया गया है, जिन्हें नोटिस दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से संशोधित तिथियों के अनुसार अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी, 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी से 06 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। 06 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च, 2026 को किया जाएगा। जिन लोगों को नोटिस जारी किया जाएगा उनमें यदि व्यक्ति का जन्म भारत में 01. 07.1987 से पूर्व हुआ है किन्तु 2003 की मतदाता सूची में नाम नहीं है, तो ऐसे मतदाताओं को जन्म तिथि या जन्म स्थान को प्रमाणित करने के लिए निम्न में से कोई भी दस्तावेज उपलब्ध करायेंगे। मतदाता का जन्म भारत में 01.07.1987 से 02.12.2004 के बीच हुआ है तो उन्हें अपना स्वयं का व अपने माता या पिता का जन्म तिथि या जन्म स्थान को प्रमाणित करने के लिए सूची में अंकित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध करायेंगे। यदि माता या पिता का 2003 की मतदाता सूची में नाम है तो उन्हें माता या पिता का कोई दस्तावेज उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है, 2003 की मतदाता सूची ही साक्ष्य के रूप में मान्य रहेगी। मतदाता का जन्म भारत में 02.02.2004 के बाद हुआ है तो उन्हें अपने स्वयं का जन्म तिथि या जन्म स्थान का प्रमाण पत्र एवं माता या पिता में से एक का जन्म तिथि और जन्म स्थान को प्रमाणित करने के लिए सूची में अंकित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध करायेगे। यदि माता या पिता का 2003 की मतदाता सूची में नाम है तो उन्हें माता या पिता का कोई दस्तावेज उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है, 2003 की मतदाता सूची ही साक्ष्य के रूप में मान्य रहेगी।

कोई मतदाता राज्य के बाहर के किसी प्राधिकारी द्वारा जारी अभिलेख प्रस्तुत करता है तो जिला निर्वाचन अधिकारी ऐसे प्रकरणों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को तत्काल सत्यापन हेतु भेजेगें। बैठक में अपर जिलाधिकारी(वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, समस्त ईआरओ/एईआरओ सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### एक नजर

## किसानों पर दर्ज रिपोर्ट को निरस्त किए जाने की मांग, एसडीएम को सौंपा पत्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** गन्ना किसानों के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष की अगुआई में दर्जनों किसान एसडीएम से मिले और उन्हें एक मांगपत्र सौंपा।

चार दिन पहले थाना क्योलडिया में समिति के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा क्षेत्र के कई गन्ना किसानों पर जवेदा जवेदी स्थित गन्ना क्रय केंद्र के तौल लिपिक शमशाद अली के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इन गन्ना किसानों पर क्षेत्र के गांव फतेहगंज, तजपुरा, जवेदा जवेदी, मधुनगला का गन्ना तौले जाने पर हाथ पैर तोड़े जाने का भी आरोप लगाया गया। एस डी एम उदित पवार को सौंपे मांग पत्र में किसानो ने किसानों के खिलाफ दर्ज कराई गई इस रिपोर्ट को खारिज किए जाने की मांग की। पैनी नजर संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंग. वार एड ने बताया कि उपरोक्त ग्रामों के किसानों द्वारा अपना गन्ना बीसल. पुर चीनी मिल को न देकर पीलीभीत, मीरगंज और द्वारिकेश चीनी मिल को दिए जाने की मांग कर रहे हैं, उनकी बिना सहमति लिए ही उनका सेंटर बीसलपुर चीनी मिल को दे दिया गया।

एसडीएम को ज्ञापन देने वाले किसानों में पैनी नजर संस्था के वरिष्ठ नेता वहीद अहमद, सोमपाल, संतोष कुमार, राजेन्द्र पाल, छेदा लाल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## तहसीलदार ने राजस्व कर्मियों के साथ कब्जे वाली सरकारी जमीन का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद मंगलवार को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने राजस्व टीम के साथ ग्राम ज्योरामकरंदपुर स्थित ग्राम समाज की बेशकीमती भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया।

क्षेत्र के गांव ज्योरामकरंदपुर के गाटा संख्या 508,116,739 के पट्टे किए गए थे, बताया जाता है कि इन पट्टों को वर्ष 2013 में स्वीकृत किया गया था। पट्टे श्रेणी 3 के होने की वजह से इन्हें निरस्त कर दिया गया था। बताया जाता है कि तहसील के कर्मियों से सांठ गांठ कर अभिलेखों में हेराफेरी कर एक गाटा संख्या का रकबा भी बढ़ा लिया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भूमि पर कब्जा जमाए रखने के लिए ही अभिलेखों में खेल किया गया। इस मामले की शिकायत गांव के लोगों ने कई बार तहसील प्रशासन से की लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं हो सकी। दो साल पहले चार फरवरी 2024 को ग्राम के लालाराम और सूरजपाल ने तहसील दिवस में इस मामले की शिकायत की थी जिस पर पुलिस ने कब्जेदार संतराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमा दर्ज होने के कुछ दिनों बाद ही आरोपी संतराम का निधन हो गया और भूमि पर उनके पुत्रों ने कब्जा जमा लिया, लेकिन भूमि से कब्जा नहीं हट पाया। आरोपी के निधन के बाद पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट में अंतिम रिपोर्ट लगा डाली। 22 माह बाद नहीं हटा सरकारी जमीन से कब्जा नहीं हटाए जाने को लेकर समाचार पत्रों में खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, जिस पर मंगलवार को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने कानून गो, लेखपाल के साथ ग्राम की इस बेशकीमती सरकारी भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया।

तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम समाज की इस भूमि पर कब्जे को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। इसके साथ ही जो भी कर्मी इसमें शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी।

## चोरी किए गए दो गैस सिलेंडर व 135 लीटर ट्रांसफार्मर के तेल सहित दो दबोचे



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी किए गए दो गैस सिलेंडर, ट्रासफार्मर का तेल, इनवर्टर व अन्य सामान बरामद कर चोरों को जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम के एसआई दुष्यंत कुमार, एसएसआई सुनील कुमार व एसआई अमरजीत ने अपनी टीम के साथ ट्रासफार्मर से तेल चोरी व चोरी के अन्य मुकदमों की विवेचना में मुल्जिमों व माल की बरामदगी को लेकर चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कुल्ली नदी के पास से दो अभियुक्त मुशीर अहमद मोहल्ला बिलासपुर बस अड्डा व मुकीम अहमद मोहल्ला तिगड़ी कस्बा व थाना शीशगढ़ को एक हरे रंग के ऑटो सहित गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से पुलिस ने 15 किलो के दो गैस सिलेंडर, 60 गिलास, 60 चम्मच, 50 कटोरी, एक इनवर्टर तथा बिजली ट्रासफार्मर से चोरी हुए 135 लीटर तेल से भरी तीन कैन सहित चोरी का माल बरामद कर लिया। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि 10 अक्टूबर को गांव गिरधरपुर के सरकार स्कूल से गैस सिलेंडर व स्टील के बर्तन आदि चोरी, 29 नम्बर को गांव पदमी के पंचायत घर से चोरी हुए गैस सिलेंडर व स्मार्ट टीवी तथा कस्बे की रजा मस्जिद के पास लगे बिजली ट्रासफार्मर से चोरी हुए तेल के सम्बंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकद्दमा किया गया था।

गिरफ्तार चोरों ने उक्त चोरियों को करना स्वीकार किया है। उक्त चोरों ने पुलिस को बताया कि वह इसी टेम्पो से घूमकर रातों को जगह-जगह मकानों से चोरी कर सामान कबाड़ियों को बेचकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों चोर शातिर प्रवर्ति के हैं, जिनके खिलाफ थाना शीशगढ़ में पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों चोरों को जेल भेज दिया।

## मातृशक्ति जागरण के संकल्प से ही पूर्ण होगा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** सरस्वती शिक्षा विद्या मन्दिर शेरगढ़ में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति में आत्मगौरव बढ़ाने के साथ-साथ दायित्व बोध का जागरण कराना था। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पारुल विशाल गंगवार पुत्रवधू स्व. केसर सिंह गंगवार रहीं, जिसमें मुख्यवक्ता स्वाति कुमार गंगवार जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा व विशिष्ट अतिथि ममता गंगवार जिला पंचायत सदस्य व रीना गंगवार पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहीं।



कार्यक्रम अध्यक्ष विनीता गोस्वामी उपनिरीक्षक थाना शेरगढ़ ने कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि डॉ. पारुल विशाल गंगवार ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण में नारी की भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता स्वाति कुमार ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला. और नागरिक कर्तव्यों की ओर ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष विनीता गोस्वामी ने बाल वीरांगनाओं के प्रसंग सुनाकर मातृशक्ति को जाग्रत किया। एकल परिवार की समस्या और कुटुंब प्रबोधन पर भी सम्बोधन हुआ और विशिष्ट माताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रानी लक्ष्मीबाई, एवं मोबाइल के दुष्परिणाम के पात्रों का मंचन प्रेरणादायी रहा। नारीशक्ति द्वारा अपनी शक्ति का जागरण करने के लिए संकल्प लेते हुए कार्यक्रम का समापन शान्तिमंत्र के साथ हुआ।

कार्यक्रम में जिला निरीक्षक शान्तिपाल गंगवार,पूर्व संभाग निरीक्षक हरीश कुमार गंगवार,भगवान दास, भगवान सिंह, प्रबंधक, सोहनलाल देवल, कोषाध्यक्ष,मोहनलाल सहप्रबंधक, नथ्थूलाल, संरक्षक व प्रधानाचार्य राम आसरे शुक्ला सहित इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहें. कार्यक्रम में 300 से अधिक माताएं - बहिनों की उपस्थिति रहीं।

## मतदाता सूची से 58 नाम कटने पर हंगामा, बीएलओ पर सुविधा शुल्क मांगने और पक्षपात का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर की वर्तमान मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्रामीण यशवंत सिंह पुत्र ललित कुमार ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत की नई मतदाता सूची में 58 वैध मतदाताओं के नाम बिना किसी कारण काट दिए गए हैं, जबकि संबंधित मतदाता ग्राम में निवास कर रहे हैं और पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं।

यशवंत सिंह का कहना है कि उन्होंने जब पुरानी और वर्तमान मतदाता सूची का मिलान किया तो यह गंभीर अनियमितता सामने आई। आरोप है कि ग्राम पंचायत में तैनात बीएलओ अनिल कुमार, जो प्राथमिक विद्यालय उदरनपुर में कार्यरत हैं, ने जानबूझकर मतदाता सूची में हेराफेरी की। बताया गया कि बीएलओ अनिल कुमार ग्राम पंचायत के प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी के सगे साले हैं, जिससे उनकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार पूर्व में नए मतदाता जोड़ने के लिए आवेदन देने पर बीएलओ द्वारा टाल-मटोल की गई और बाद में प्रत्येक मतदाता से 500 रुपये सुविधा शुल्क की मांग की गई। आरोप है कि सुविधा शुल्क न देने पर न केवल नए वैध मतदाता नहीं जोड़े गए, बल्कि द्वेषपूर्ण कार्रवाई करते हुए 58 मतदाताओं के नाम सूची से काट दिए गए। यशवंत सिंह ने बताया कि जब उन्होंने बीएलओ से इस संबंध में आपत्ति जताई तो बीएलओ द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और राजनीतिक धमकियां भी दी गईं। आरोप यह भी है कि यह पूरी प्रक्रिया आगामी पंचायत चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से की गई, ताकि एक विशेष प्रत्याशी को लाभ पहुंचाया जा सके।

पीड़ित ने उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित बीएलओ के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा उन्हें पद से हटाकर काटे गए सभी वैध मतदाताओं के नाम पुन: मतदाता सूची में शामिल कराने की मांग की है।

## माघ मेला प्रयागराज में क्षेत्र वासियों के सहयोग से होगा विशाल भंडारा, देर शाम श्रद्धालु हुए रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** इलाहाबाद के माघ मेला में 2026 के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी परंपरागत रूप से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन साक. ेतवासी महा मंडलेश्वर श्री सियाराम शरण महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के समाजसेवी, व्यापारी, युवा वर्ग एवं श्रद्धालु सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं।

भंडारे में देश-प्रदेश से आने वाले साधु-संतों, कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क शुद्ध, सात्विक भोजन के साथ ठहरने की समुि. चत व्यवस्था की गई है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करना बताया गया है। आयोजकों के




अनुसार इस सेवा कार्य की शुरुआत पूर्व में स्वर्गीयनत्थू लाल भगत द्वारा की गई थी, जिसे वर्तमान में भगवती इण्टर कालेज के संस्थापक भवानी प्रसाद के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जा रहा है। श्री प्रसाद जी ने बताया कि माघ मेला भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और सामा. जिक एकता का प्रतीक है, इसी भाव के साथ क्षेत्र के लोगों ने सामूहिक रूप से इस पुण्य कार्य को करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि भंडारे का आयोजन पौष पूर्णिमा से प्रारंभ होकर माघी पूर्णिमा तक निरंतर संचालित रहेगा। इस दौरान स्वच्छता, अनुशासन और उत्तम व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं संत समाज ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया और अधिक से अधिक लोगों से माघ मेला इलाहाबाद पहुंचकर इस सेवा कार्य में सहभागी बनने की अपील की। देर शाम भंडारा लेकर श्रद्धालु इलाहाबाद रवाना हो गए।

## रंजिशन युवक व उसके घर वालों को पीटने वाले पांच लोगों पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** एक युवक ने मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर रंजिशन उनसके व उसके परिवार वालों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। युवक का कहना है कि उक्त लोग उसे व उसके परिवार वालों को घर में भी घुसने नही दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।नगर के मोहल्ला अब्बासनगर शांतिनगर निवासी इकराम पुत्र इरफान का कहना है कि लगभग 4 माह बाद वह अपने परिवार के साथ अपने घर आया था। रंजिश के तहत मोहल्ले के ही राशिद पुत्र बदलू, फैजान पुत्र ताहिर, नाजिर पुत्र बहीदा, नहीम, तसलीम पुत्र मोहसिन अपने हाथों में लाठी डंडा लेकर आ गये और हम लोगो को घेरकर गाली देते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। कहा कि तुम लोगों को 4 महीने पहले मारकर यहाँ से निकाला था और तुम लौटकर आ गए। मारपीट मे उसके भाई इमरान के पैर गंभीर चोट तथा उसके पैर में बन्द चोटे आयी हैं। परिवार के फिरोज व सहरोज के भी चोटे आई हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने राशिद, फैजान, नाजिर, नहीम, तसलीम निवासीगण मोहल्ला शाहगढ़ शांतिनगर कस्बा व थाना बहेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नगर पंचायत में घोटाले की हेराफेरी, प्रमुख सचिव नगर विकास को हुए जांच के आदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर पंचायत में टेंडरों व खरीद फरोख्त के साथ हेराफेरी की दोबारा शिकायत पर मुख्यमंत्री के ओएसडी ने प्रमुख सचिव नगर विकास को जांच के लिए भेजी है।

इस प्रकरण में सभासद तस्लीम अंसारी के अनुसार दिए गए शिकायती पत्र मे गौशाला के मासिक खर्चे को पांच गुना बढ़ाकर फर्जी भुगतान, संविदा कर्मचारी के टेंडर मे ईओ के पैतृक आवास पर काम करने वाली महिलाओं, नौकरों की सैलरी संविदा कर्मचारियों के नाम दिखाकर निक. ाली जा रही है। इस प्रकरण में सभासद तसलीम अंसारी का आरोप है कि नगर पंचायत की नालियों और सड़को की मरम्मत के नाम पर फर्जी कोटेशन बनाकर लाखों रुपयों का घोटाला किया गया है। टेंडरों के विज्ञापन राष्ट्रीय अखबारों मे न देकर अन्य अखबारों मे दिए जाने का आरोप भी लगाया है। साथ ही नगर के ठाकुरद्वारा मोहल्ले में एक प्राइवेट कालोनी मे केवल एक मकान के लिए नगर पंचायत के ठेकेदार और कालोनाइजर को निजी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क निर्माण कराया गया। इसके अलावा भी ईओ पर कई गंभीर आरोप लगाए गए है

पहले की गई शिकायत की जांच मे तहसील प्रशासन ने ईओ के पक्ष मे आख्या लगाकर क्लीनचिट दे दी थी। अब प्रकरण को मुख्यमंत्री दरबार मे मामला दोबारा उठाया तो सभी घोटालों की जांच को शासन स्तर से जांच करवाने के निर्देश प्रमुख सचिव नगर विकास को दिए गए है।

## मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**■ नाथधाम एमएसएमई टाउनशिप योजना हेतु जमीन खरीदने हेतु दर निर्धारण क्रय समिति का हुआ गठन**




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में आज मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक कमिश्नरी स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण ने नाथधाम एम0एस0एम0ई0 टाउनशिप योजना की प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया कि योजना विकसित किये जाने हेतु अधिसूचना का प्रकाशन कराया जा चुका है। इंडस्ट्रियल टाउनशिप की जमीन खरीदने हेतु दर निर्धारण क्रय समिति का गठन कर लिया गया है। माह जनवरी 2026 के अन्त तक भूमि क्रय किये जाना प्रारम्भ किया जायेगा। औद्योगिक इकाईयों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था हेतु बैठक में उपस्थित एन0एच0आई, मुरादाबाद के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि औद्योगिक इकाईयों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था हेतु फतेहगंज के पास ग्राम टूलिया में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर 02 नं0-ट्रक ले बाये बनाये जाने का निर्माण कार्य 85 प्रतिशत कर लिया गया है, आगामी 15 दिनों में निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। रामा श्यामा पेपर मिल वाली रोड (एन0एच0-30 से बहादुरपुर मार्ग) के निर्माण के संबंध में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बरेली द्वारा अवगत कराया है कि अनुरक्षण कार्य हेतु टेंडर (तकनीकी निविदा) की प्रक्रिया चल रही है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा एवं औद्योगिक आस्थान, सीबीगंज में विद्युत व्यवस्था सुचारू कराये जाने के संबंध में मुख्य अभियन्ता, विद्युत वितरण द्वारा अवगत कराया गया कि परसाखेड़ा उपकेन्द्र पर पर्याप्त स्टाफ की तैनाती कर दी गयी है। सी0बी0 गंज व परसाखेड़ा में ट्रिपिंग की समस्या के निस्तारण हेतु लाईन मैंटीनेंस एवं ट्री कटिंग का कार्य भी करा दिया गया है तथा सी0बी0 गंज व परसाखेड़ा उपकेन्द्रों से सम्बन्धित क्षेत्र में विद्युत समस्या के निस्तारण हेतु सम्बन्धित व्हाट्सएप ग्रुपों पर उपकेन्द्र के स्टाफ एवं ''क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल'' के स्टाफ का नाम व मोबाइल नंबर भी अपलोड कर दिया गया है। प्रत्येक माह की 6 व 7 तारीख को मेगा कैम्प भी लगाया जा रहा है। जिस पर उद्यमियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। बैठक में नगर आयुक्त नगर निगम संजीव कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण डा0 मणिकंडन ए0, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी, मुख्य अभियन्ता विद्युत ज्ञान प्रकाश, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, अजय शुक्ला, गुरप्रीत सिंह, एस0के0 सिंह, मयूर धीरवानी, आशुतोष शर्मा, मो. आरिफ आदि उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने की विकास विभाग से संबंधित सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा


शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में विकास विभाग से संबंधित सी.एम. डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में ऑपरेशन कायाकल्प एवं मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत जनपद की स्थिति चिंताजनक है। इस पर उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। जिलाधिकारी ने पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजनाओं में जो भी पेंडेंसी लंबित है, उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाप्त किया जाए, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके।

उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि सी.एम. डैशबोर्ड माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसकी सतत निगरानी शासन स्तर से की जा रही है। अत: किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों में नियमित समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भुगतान की धीमी प्रगति पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, जिससे लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सी.एम. डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग खराब नहीं होनी चाहिए।

## आमजन मानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थों की उपलब्धता को निरंतर प्रयासरत है विभाग: मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अक्षय गोयल ने बताया कि जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के माध्यम से आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य विभाग व पेय पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि नियमित रूप से निरीक्षण व विशेष पर्वों पर विशेष अभियान चलाकर नमूना संग्रहण किया जाता है एवं एकत्र नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किए जाते हैं। रिपोर्ट अधोमानक एवं मिथ्या छाप प्राप्त होने पर संबंधित खाद्य कारोबार कर्ता के विरुद्ध न्याय निर्णय हेतु पत्रावली न्यायालय में दायर की जाती है।

**■ नियमित रूप से निरीक्षण व विशेष पर्वों पर चलाया जाता है विशेष अभियान**

**■ नमूना संग्रहण उपरांत अधोमानक एवं मिथ्या छाप रिपोर्ट प्राप्त होने पर की जाती है त्वरित कार्यवाही**

असुरक्षित रिपोर्ट पर वाद सहायक आयुक्त(खाद्य) बरेली मंडल बरेली से सहमति प्राप्त कर माननीय न्यायालय एसीजेएम (प्रथम) बरेली में दायर किया जाता है। इसके साथ-साथ विभाग द्वारा आम जनमानस के ज्ञान संवर्धन हेतु एफ0एस0डब्लू द्वारा भी खाद्य पदार्थों की जांच की जाती है एवं विभिन्न जन जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा निरंतर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

# सरधना- बड़ौत मार्ग पर पुलिस मुठभेड़ में गौकश घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** बड़ौत मार्ग पर हिंडन नदी पुल के पास सोमवार देर रात सरधना पुलिस की विशेष कार्रवाई में गौकशी के आरोपियों के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

सरूरपुर थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि वह खिवाई चौकी प्रभारी के साथ वाहन चे. कंग कर रहे थे। इसी दौरान खिवाई की ओर से आ रहे दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। आरोपियों को घेराबंदी करने पर उन्होंने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में घायल आरोपी की पहचान एहसान पुत्र जुल्फकार निवासी खिवाई के रूप में हुई। घायल ने अपने फरार साथी का नाम नन्हे उर्फ नियाज पुत्र वाशी बताया। पुलिस ने मौके से दो 315 बोर के तमंचे, जिंदा कारतूस, गौकशी में प्रयुक्त चाकू, छुरे, रस्सी और बोरा बरामद किया। मंगलवार सुबह पुलिस ने दबिश देकर फरार आरोपी नन्हे को भी गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई दो दिन पूर्व हिंडन नदी किनारे गोवंश के अवशेष मिलने के बाद की गई थी, जिससे क्षेत्र में तनाव बना हुआ था।

## पुलिस पर फायरिंग करने वाला नाजिम गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** थाना सरधना पुलिस ने सोमवार रात मुखबिर की सूचना पर नाजिम पुत्र जब्बार निवासी अहमद नगर लिसाड़ी गेट मेरठ को गिरफ्तार किया। आरोपी नाजिम ने पुलिस टीम पर फायरिंग करने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। गोली लगने से नाजिम के दा. हने पैर में चोट आई और वह घायल होकर गिरफ्तार हुआ। पुलिस के अनुसार, नाजिम ने अपने फुफो के लड़के सुभान और सुरहान तथा उनके दोस्तों अहमद और जुनैद के साथ मिलकर 25 दिसंबर को अजीम पुत्र मोबीन पर जानलेवा फायरिंग की थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस ने नाजिम को स्कूटी पर सवार होते हुए पकड़ लिया। अभियुक्त से अवैध तमंचा बरामद करने के लिए पुलिस टीम आरोपी के बताए स्थान पर पहुंची, लेकिन नाजिम ने खेत में छिपा रखे तमंचे से फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को घायल कर गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा .32 बोर और 01 खोखा कारतूस बरामद हुआ। साथ ही घटना में प्रयुक्त स्कूटी बिना नंबर प्लेट भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। नाजिम कई गंभीर मामलों में संलिप्त रहा है, जिनमें हत्या की नीयत से फायरिंग, आर्म्स एक्ट, मारपीट और धमकियां शामिल हैं। इस मुठभेड़ के आधार पर पुलिस ने नाजिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



# जैन मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना सरधना में सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** बाग वाला क्षेत्र स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जैन समाज के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने थाना सरधना में प्रार्थना-पत्र सौंपा। यह प्रार्थना पत्र बीजेपी मंडल अध्यक्ष आलोक जैन के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें मंदिर परिसर में हो रही अव्यवस्थाओं पर चिंता जताई गई। झिटकरी रोड स्थित मंदिर परिसर की दीवार से सटाकर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बोरे एवं अन्य सामग्री रखी जा रही है।

इसके साथ ही मंदिर की दीवार व मुख्य गेट के सामने लगातार वाहन खड़े किए जा रहे हैं। जिससे मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है और श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जैन समाज के लोगों ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से मंदिर की पवित्रता पर असर पड़ रहा है तथा किसी भी समय अप्रिय घटना घटने की आशंका बनी हुई है। इसे देखते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष सरधना को सौंपे गए प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने जैन समाज को आश्वस्त किया कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी तथा परिसर के आसपास हो रहे अतिक्रमण और अवैध गति. विधियों को शीघ्र हटवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय जैन, कार्यकारी अध्यक्ष ऋषभ जैन, महामंत्री अंकित जैन व सौरभ जैन, कोषाध्यक्ष नीरज जैन, उपाध्यक्ष आकाश जैन व गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



### वेंक्टेश्वरा में लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# लैंगिक उत्पीड़न पर अंकुश लगाकर विकसित भारत का सपना होगा साकारः डा. राजीव त्यागी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान एवं विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वाधान में लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में प्रतिभाग करते हुए विजन इण्डिया भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से सर्टिफाईड सम्बद्ध की लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम की सर्टिफाईड ट्रेनर सुश्री प्रियंका गर्ग एवं सुश्री साईमा अनवर ने उपस्थित स्टॉफ एवं प्रबंधन के सदस्यों को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकने के तरीको पर विस्तार से समझाया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के अटल सभागार में आयोजित लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय, दिल्ली से आयी मुख्य अतिथि वक्ता सुश्री प्रियंका गर्ग, सुश्री साईमा अनवर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश मेहता आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में यौन लैंगिक उत्पीड़न नियन्त्रक एक्सपर्ट सुश्री प्रियंका गर्ग ने कहा कि भारत सरकार ने कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक सख्त कानून प्रीवेंशन ऑफ सेक्सुअल ह्रासमेंट एक्ट बनाया है। जिसके द्वारा महिलाओं को कार्यस्थल पर सम्मान जनक एवं सुरक्षित वातावरण न होने एवं लैंगिक उत्पीड़न पर कठोर दंड का प्रावधान है, पर यह तभी प्रभावी होगा जब किसी भी उत्पीड़न होने पर महिलाऐं निडर होकर उसकी शिकायत करें। लेकिन यह भी ध्यान रखे कि किसी द्वेष या अन्य कारणो से किसी निर्दोष पर कार्यवाही के लिए झूठी शिकायत न करें अन्यथा उसके खिलाफ भी कानून का दुरूपयोग करने के लिए कार्यवाही हो सकती है। इस अवसर पर डॉ. राजेश बंसल, डॉ. नजमल हुदा, डॉ. रिहाना हुदा, डॉ. बी.एस. त्यागी, डॉ. सुप्रीति भटनागर, एच.आर. हेड कुलदीप सिंह, प्रशान्त, डॉ. शिल्पा रैना, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. ज्योति, डॉ. स्नेहलता, एस.एस. बघेल, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।



# बदहाली में डूबी सरधना नगर पालिका

## एंट्री गेट पर टूटी कुर्सियां व टेबलें खोल रही हैं पालिका की पोल, ऑफिसों में आवारा कुत्तों का कब्जा

शाहीन मिर्जा/शाह टाइम्स


**सरधना।** नगर की सफाई, विकास और जनसमस्याओं के समाधान का दम भरने वाली नगर पालिका परिषद सरधना खुद ही बदहाली, अव्यवस्था और घोर लाप. रवाही की मिसाल बनती जा रही है। हालात इतने खराब हैं कि नगर पालि. का कार्यालय अब सरकारी दफ्तर कम और अव्यवस्था का अड्डा अधिक नजर आने लगे हैं। कार्यालय परिसरों में खुलेआम घूमते आवारा कुत्ते और मुख्य एंट्री गेट पर पड़ी टूटी कुर्सियां व टेबलें पालिका प्रशासन की कथित कार्यप्रणाली पर करारा तमाचा साबित हो रही हैं।



**सरधना नगर पालिका में फाइलों की तलाश करता आवारा कुत्ता व एंट्री गेट पर पड़ी टूटी कुर्सियां व मेज।**

नगर पालिका कार्यालयों में अपनी फरियाद लेकर पहुंचने वाले नागरिकों को सबसे पहले अव्यवस्था और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। कई कार्यालय कक्षों, बरामदों और गलियारों में आवारा कुत्तों का डेरा जमा हुआ है, जिससे लोगों में भय का माहौल बना रहता है। सवाल यह उठता है कि जब नगर पालिका अपने कार्यालयों को सुरक्षित और सुव्यवस्थित नहीं रख पा रही है, तो शहर के सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और मोहल्लों में आवारा कुत्तों की समस्या पर नियंत्रण कैसे किया जाएगा। मुख्य एंट्री गेट पर पड़ी टूटी फूटी कुर्सियां और टेबलें, बिखरा हुआ फर्नीचर और गंदगी साफ तौर पर यह दर्शाती है कि जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजी कार्यवाही और बैठकों तक सीमित रह गए हैं। धरातल पर न तो किसी प्रकार की निगरानी दिखाई दे रही है और न ही जवाबदेही तय की जा रही है। नगर पालिका की यह हालत शहर की व्यवस्थाओं की सच्चाई उजागर कर रही है। स्थानीय नागरिकों और सामा. जिक संगठनों का आरोप है कि पालि. का अधिकारियों की उदासीनता चरम पर पहुंच चुकी है। बार-बार शिकायतें किए जाने के बावजूद न तो आवारा कुत्तों को हटाने की ठोस कार्रवाई हो रही है और न ही कार्यालयों की मरम्मत व फर्नीचर व्यवस्था सुधारी जा रही है। लोगों का कहना है कि अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं और जनता की समस्याओं से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस बदहाली पर न तो किसी जिम्मेदार अधिकारी की जवाबदेही तय हो रही है और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई सामने आ रही है। नगर पालिका परिषद सरधना की यह स्थिति देखकर शहरवासियों में भारी रोष है। नागरिकों का साफ कहना है कि यदि नगर पालिका अपने ही दफ्तरों को संभालने में असफल रही, तो शहर की सफाई, सुरक्षा और विकास केवल कागजी दावों तक ही सीमित रह जाएंगे। इस संबंध में ईओं सरधना से वार्ता करने का कई बार प्रयास किया गया लेकिन उनका नंबर मिल नही सका।

## जानी थानाध्यक्ष ने होटल रेस्टोरेंट मालिकों को दिए दिशा-निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** नव वर्ष को लेकर दो दिन पहले ही डीआईजी कला निधि नैथानी ने सभी थाना अध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा के मध्य नजर रखते हुए 31 दिसंबर की रात को न्यू ईयर पार्टी जैसी गतिविधि पर नजर रखें इसी के चलते मंगलवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने होटल रेस्टोरेंट मालिक को सुरक्षा निर्देशक को पालन करने के लिए आदेश दिया। होटल रेस्टोरेंट ढाबा अन्य जैसी प्रतिष्ठान बिना लाइसेंस के शराब बांटने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी इस तरह का गतिविधि पाई गई तो तुरंत कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा, और सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि न्यू ईयर पार्टी शराब पार्टी पर नजर रखी जाए।

## नौचंदी ग्राउंड पर हाउस टैक्स बिल भुगतान काउंटर खोलने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** नौचंदी ग्राउंड स्थित ओवरहेड टैंक ग्राउंड में हाउस टैक्स बिल भुगतान के लिए काउंटर खोले जाने की मांग को लेकर सर्वदलीय पार्षद दल ने नगर आयुक्त को एक पत्र प्रेषित किया है। उसमें कहा गया है कि उक्त स्थल पर हाउस टैक्स बिल जमा करने का काउंटर खोला जाता है तो वार्ड संख्या 71, 72, 73, 75, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87 व 56 सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को राहत मिलेगी और टैक्स कलेक्शन में भी तेजी आएगी। पार्षदों ने अवगत कराया कि नौचंदी ग्राउंड स्थित ओवरहेड टैंक ग्राउंड में पहले से ही जलकर वाटर बिल जमा करने का काउंटर संचालित है। ऐसे में उसी स्थान पर हाउस टैक्स बिल का कैश काउंटर भी खोला जा सकता है। इस दौरान गफ्फार, फजल करीम, अभिनव अरोड़ा, संजय सैनी, सुमित शर्मा, रिजवान अंसारी, रेशमा दिलशाद सैफी, गुड्डी अफजाल चौधरी एवं रिहाना शहजाद सहित पार्षदों उपस्थित रहे।

## सीवीपीएस में फेयरवेल पार्टी भावनात्मक विदाई में सजे यादगार पल




शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सर्कुलर रोड, मेरठ कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य फेयरवेल पार्टी 'स्वस्ति' का आयोजन हर्षोल्लास व गरिमामय वातावरण में किया गया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को स्नेह, सम्मान और उल्लास के साथ भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नाटय मंचन और रोचक खेल गतिविधियों से हुई। कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक रैंप वॉक ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद पासिंग ऑफ द लाइट सेरेमनी आयोजित की गई, जिसमें हेड ब्वॉय शुभम चुवई व हेड गर्ल अन्वेषा आत्रेय ने वाइस हेड ब्वॉय आर्यन सुनील शिंदे एवं वाइस हेड गर्ल अनुष्का सिंह को दायित्व सौंपा। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को विशेष खिताबों से सम्मानित किया गया। विद्यालय की निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह एवं सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सरधना पुलिस ने होटल-रेस्टोरेंट मालिकों को सुरक्षा निर्देशों के पालन का नोटिस किया जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** थाना सरधना प्रशासन ने क्षेत्र में स्थित सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, लॉज और अन्य मनो. रंजन स्थलों के मालिकों- प्रबंधकों को आगामी 31 दिसंबर 2025 की रात को विशेष सुरक्षा और नियमों का पालन करने के लिए नोटिस जारी किया है। थाना प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रतिष्ठान में बिना लाइसेंस शराब परोसने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, तेज आवाज में डीजे बजाना निषेध रहेगा। प्रत्येक प्रतिष्ठान में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा और वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े किए जाएंगे। थाना सरधना के इंस्पेक्टर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### डीआईजी का दिख रहा है असर

रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बीते दिनों मंडल के समस्त थाना प्रभारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किया था कि नये साल के जश्न पर कोई हुड़दंग, कोई भी स्टंट, दारूबाजी या कपल की अमर्यादित हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसका असर दिख रहा है।

# सरधना नगर पालिका पर लोकायुक्त की सघन जांच

### भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच में टीम नगर में सक्रिय

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** भ्रष्टाचार और कई गंभीर मामलों में घिरी सरधना नगर पालिका परिषद के खिलाफ लोकायुक्त की टीम मंगलवार को सघन जांच करने के लिए शहर में पहुंची। टीम ने नगर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर मामले की गहनता से पड़ताल की और स्थानीय अधिकारियों एवं नागरिकों से जानकारी जुटाई।

### शिकायतों में सड़क निर्माण घोटाला और अनियमितताएं शामिल

नगर पालिका पर दर्ज शिकायतों में सबसे अधिक सड़क निर्माण में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप थे। इसके अलावा, नगर क्षेत्र में विकास कार्यों में अनियमितता, आपूर्ति की कमी और योजनाओं के कागजीकरण में गड़बड़ी के मामले भी सामने आए थे। शिकायतों के आधार पर अधिकारियों ने लोकायुक्त टीम का गठन किया, जो इस जांच के लिए विशेष रूप से नियुक्त की गई थी।

### टीम ने नगर भ्रमण कर निरीक्षण किया

एसडीएम सदर दीक्षा जोशी और ईओ मवाना राजीव कुमार के नेतृत्व में लोकायुक्त टीम ने नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर स्थानीय अधिकारियों से बातचीत की और शहर के विकास कार्यों, निर्माण स्थलों और नगरपालिका कार्यालयों का निरीक्षण किया। टीम ने विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जहां शिकायतें सबसे अधिक थीं।



### स्थानीय लोगों ने जताई अपनी-अपनी प्रतिक्रिया

नगरवासियों ने टीम की जांच को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया दी। कुछ लोगों ने कहा कि यह कार्रवाई पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं कुछ लोगों ने यह उम्मीद जताई कि जांच निष्पक्ष और समयबद्ध होगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं भ्रष्टाचार करने वाले लोगों में इस मामले से हड़कंप मचा हुआ है।

### जल निगम की लापरवाही हुई उजागर

# फलावदा क्षेत्र में महीनों से पेयजल को तरस रहे हैं ग्रामीण

शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** क्षेत्र के गांव मन्दवाड़ी में जल निगम की लाप. रवाही के कारण पिछले कई महीनो से पेयजल की पाइप लाइन लगाने का कार्य अधूरा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि पिछले वर्ष टंकी द्वारा पेयजल सुचारु रूप से चालू करने का दम्भ भर रहा है। जबकि गांव के मुख्य मार्ग पर पेयजल के पाइप खुले हुए पड़े हैं ज्यादातर ग्रामीणों के घर पर टंकी का जल नहीं पहुंच पा रहा है। उधर गांव में आरसीसी सड़क बनाने का निर्माण कार्य चल रहा है जिस कारण सड़क निर्माण का कार्य भी रुका पड़ा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को जल निगम के खिलाफ जमकर हंगामा किया।

ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के बावजूद भी जल निगम के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं गांव में करीब दो वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन हर घर शुद्ध पेयजल योजना के अंतर्गत टंकी निर्माण के लिए के लिए दो करोड़ 36 लाख 94 हजार रुपए की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया गया था। गांव के राजेंद्र उर्फ लीडर, गौरव शर्मा, मोनू पंवार, सुशील शर्मा, दिनेश कुमार, सोनल कुमार, हरीश सिंह, धर्मसिंह, मंगल शर्मा, जोगिंदर सिंह, हेमराज सिंह, वेदपाल सिंह, राजसिंह आदि ने बताया कि उनके गांव की आबादी करीब पांच हजार है जिसमें साढ़े चार सौ परिवार रहते हैं अभी तक जल निगम विभाग द्वारा गांव में मात्र 190 लोगों के घर तक ही टंकी के पाइप लाइन पहुंच पाई हैं उनमें से भी ज्यादातर मुख्य मार्ग पर खुले हुए पड़े हैं। जिस ग्रामीण के घर टंकी नहीं लग पाई वहां ठेकेदार से टंकी लगवाने के लिए कहता है तो ठेकेदार एक हजार रुपए का शुल्क मांग रहा है। जबकि सरकार द्वारा हर घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति पहुंचाने के आदेश हुए थे और पेयजल की बड़ी पाइप लाइन मुख्य मार्ग में अधिक नीचे गहराई करने के बजाय कम गहराई करके ऊपर ही लगाई गई है जबकि पाइप लाइन को करीब डेढ़ मीटर की खुदाई करके नीचे गहराई में दबानी चाहिए थी। इस संबंध में ग्राम प्रधान पति फतेह शर्मा का कहना है कि इस मामले के निस्तारण को उन्होंने जल निगम अधिकारियों को कई बार फोन करके अवगत कराया लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं आता। इस संबंध में जल निगम के अवर अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि मुख्य पाइप लाइन मार्ग के एक मीटर नीचे दबी हुई है लोगों के घर जाने वाली टंकी की पाइप लाइन मुख्य मार्ग के ऊपर रहती है। और गांव में ज्यादातर ग्रामीणों के घर पेयजल के कनेक्शन पहुंच गए हैं कुछ लोग अपने घर के अलावा घेर में भी टंकी लगवाने के लिए दबाव बना रहे हैं एक ग्रामीण को उसके घर पर ही कनेक्शन मिलेगा उसके घर में नहीं मिलेगा।



# 2.29 करोड़ रुपये की लागत से होगी राम रहीम सेतु की मरम्मत, तीन माह तक बंद रहेगा पुल

## शहर विधायक आकाश सक्सेना ने लोक निर्माण विभाग को भेजा था प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग की ओर से राम रहीम सेतु की मरम्मत कराई जाएगी। इसमें 2.29 करोड़ रूपये खर्च होंगे। तीन माह तक चलने वाले इस कार्य की वजह से राम रहीम सेतु पर आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। इस कार्य को शासन से मंजूरी मिल गई है। जिसके बाद विभागीय स्तर पर टेंडर आदि प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। यह प्रस्ताव शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भेजा था।

ज्वालानगर रेलवे क्रासिंग पर आएदिन होने वाले हादसों को रोकने एवं फाटक बंद होने की वजह से लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए शासन ने वर्ष 1999 में पुल को मंजूरी दी थी। जिसके बाद 2006 में यह पुल बनकर तैयार हो गया और लोगों के लिए खोल दिया गया था। किंतु, 20 वर्ष बीतने के बाद भी पुल पर अब तक एक भी बार मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। जिस कारण बरसात के दिनों में जगह-जगह से पुल की सड़क धंस जाती है। ऐसे में लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं। जनता की समस्याओं को देखते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुल की मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद शासन ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत पुल की मरम्मत पर करीब 2.29 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता गौरव ने बताया कि पुल की मरम्मत का काम करीब छह माह तक चलेगा। जिसमें से तीन माह तक पुल पर आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। इसमें पुल के ज्वाइंट, ऊपरी परत आदि ठीक किए जाएंगे। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



आकाश सक्सेना शहर विधायक



**ज्वालानगर और सिविल लाइंस के संपर्क का एक मात्र विकल्प है राम रहीम सेतु'**
राम रहीम सेतु ज्वालानगर और सिविल लाइंस के संपर्क का एक मात्र विकल्प है। ऐसे में पुल की मरम्मत के दौरान लोगों को दिक्कतें होना स्वभाविक है। सिर्फ ज्वालानगर की ही बात की जाए, तो करीब 60 हजार से अधिक आबादी निवास करती है।

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग अभियान में 1492 वाहनों की जांच, 22 वाहनों पर की गई कार्रवाई




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।
जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार 29 दिसम्बर 2025 को जनपद की सभी तहसीलों में प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर 09 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान प्रशासन, पुलिस तथा परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1492 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 22 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की गति. विधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# चेयरमैन खालिद अली ने नगर पंचायत की 6 वीं वर्षगांठ की तैयारियों का लिया जायजा

**( सुहैल मियाँ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला को बने हुए 6 वर्ष पूरे होने जा रहे है जिसके उपलक्ष में नगर पंचायत में 6वीं वर्षगांठ का आयोजन 31दिसम्बर बुधवार शाम 7 बजे होने जा रहा है जिसमे अनेक कार्यक्रम होंगे । कार्यक्रम में कई स्टार सिंगर आ रहे हैं जो कार्यक्रम में अपनी अपनी प्रस्तितु देंगे ।चेयरमैन खालिद अली ने सभी तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम की रूपरेखा को देखा ।इस कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों में भी काफी उत्साह देखने को मिला ।नगरवासियों को ग्रामीण छेत्र से नगर का दर्जा मिलने की बेहद खुशी है उसी खुशी को मानने के लिए हर साल की तरह इस साल भी नगर पंचायत में 6 वी वर्षगाँठ का आयोजन होने जा रहा है जिसका नाम जश्न ए नगर पंचायत दिया गया है जिसे नगर में उत्सव के रूप में मनाया जाएगा ।

नगरवासियों का कहना है कि ये ये वर्षगाँठ हमारे किसी त्योहार से कम नहीं है हम उसे अपने त्योहार की तरह मनाते है क्योकि इसी दिन हमें ग्रामीण क्षेत्र से नगरीय क्षेत्र का दर्जा मिला था । इस मौके पर चेयरमैन खालिद अली ने सभी नगर एवं छेत्रवासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की ।इस मौके पर चेयरमैन खालिद अली के साथ नवेद मियां ,व्यापारी नेता मसरूर अहमद ,व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकुट लाल ,एडवोकेट मोहम्मद आसिफ,लिपिक अनिल कुमार ,यश ,विशाल गिल ,टिंकू ठाकुर ,महराजुद्दीन ठेकेदार ,रहमत अली ,फजले अहमद,अकरम खान एवं सभासदगणों के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।




# बॉर एसोसिएशन का चुनाव आज 70 अधिवक्ता करेंगे अपने मत का प्रयोग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक ।** बार एसोसिएशन मिलक का चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई आज होगा मतदान और उसके बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे आज बार एसोसिएशन मिलक के वार्षिक चुनाव हेतु चुनाव अधिकारी एडवोकेट बाबूराम गंगवार की देखरेख में चुनाव कराया जा रहा है जिसमें कुछ पद पर कुछ अधिवक्ता निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं वही अध्यक्ष सहित कुछ पदों पर आज वोट डाले जाएंगे जिसको लेकर चुनाव अधिकारी ने नई मतदाता सूची जारी कर दी जिसमें लगभग 70 वोटर अपने मतदान में हिस्सा लेंगे मतदान व परिणाम समय 11:00 से 14:00 बजे तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

# यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के राष्ट्रीय आह्वान पर रामपुर में भारतीय स्टेट बैंक पर हुआ जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के राष्ट्रीय आवाहन पर रामपुर में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय नवाब गेट के प्रांगण में अपनी मांगों के संबंध में बैंक कर्मचारी व अधिकारी ने जोरदार प्रदर्शन किया। भारी ठंड के बावजूद भी काफी संख्या में बैंक कर्मचारी और अधिकारी अपनी राष्ट्रीय मांग पांच दिवसीय बैंकिंग (5 कंल इंदा. पदह ) की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कार्यों को संबोधित करते हुए यूनाइटेड फोरम आप बैंक यूनियन रामपुर के संयोजक तथा भारतीय स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने अपने संबोधन में कहा की सरकार हमारे पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग को काफी समय समय से टाल रही है जो कि हमें बर्दाश्त नहीं है।

अब सरकार को हमारी जयस मांग को को पूरा करन हमारी उपरोक्त मांग को पूरा करना पड़ेगा नहीं तो हम विवश होकर हड़ताल करनी पड़ेगी। सभा को संबोधित करते हुए बैंक कर्मचारियों के पूर्व सक्रिय नेता जगमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा इस समय सभी सदस्यों को एकजुट होकर रहना पड़ेगा संगठन की एकता का परिचय देना पड़ेगा तभी सरकार हमारी मांग के आगे झुकेगी। अच्छा संबोधित करते हुए स्टेट बैंक के पूर्व नेता विमल कपूर ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांग तो नहीं मांगती है तो हमें अभी पर शो कर दो दिन की हड़ताल पर कर देना पड़ेगा। सभा में मुख्य रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा के जिला सचिव शुभम अग्रवाल, रविंद्र रविंद्र सिंह, राजीव कुमार, नजीर अहमद, महेश कुमार, राहुल अग्रवाल तथा स्टेट बैंक के अधिकारी कुलदीप वर्मा, रूबी सिंह, जिला सचिव उत्कर्ष सिंह, तनुरा सक्सेना, अनुराधा, निशा, शिवानी, अपूर्व जैन,नन्हे सिंह, दिनेश कुमार, डीके जोशी नें किया संबोधन करके प्रदर्शन किया रामपुर क्षेत्रीय कार्यालय के विनय सिंह, विनय गिल, इलाहाबाद बैंक के उमेश कुमार ने भाग लिया।



# सैफनी पुलिस ने गुमशुदा लोगों की खोजकर किया परिजनों के सुपर्द पुलिस की हो रही प्रशंसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान मिशन शक्ति 5.0 व ऑपरेशन स्माइल के अनुच्छेदन में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के पर्यवेक्षण में थाना पुलिस द्वारा शासन व उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत कार्यवाही करते थाना सैफनी पर तत्काल गुमशुदगी पंजीकृत कर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा द्वारा गुमशुदा महिला पुरुषों की बरामदगी हेतु टीम गठित कर ऑपरेशन मुस्कान मिशन शक्ति 5.0 ऑपरेशन स्माइल के तहत आश्रय गृह रेलवे स्टेशनों व अन्य सार्वजनिक स्थानों से गुमशुदाओ को सकुशल बरामद कर उनके परिवारजानो के सुपुर्द किया। बिछड़े हुए लोग राहुल शर्मा पुत्र रामभगवान निवासी सराय ईमाम थाना सैफनी जनपद रामपुर व निशा पत्नी सुनील कुमार निवासी छितौनी थाना सैफनी जनपद रामपुर सहित मुकेश उर्फ बादू निवासी ग्राम बिसौली तालाब थाना सैफनी जनपद रामपुर के लोगो को उनके परिवारजनों को सुपुर्द किया। बिछड़े हुए लोग अपने घर के सदस्यों से मिलकर चेहरे खिल उठे और बिछड़े हुए लोगों के परिवारजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया तथा आम जनमानस द्वारा सैफनी पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा हो रही है।

# बिजली कटौती को लेकर किसान यूनियन ने की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार को किसान नेता तहसील अध्यक्ष अमीर अहमद के आवास पर बिजली विभाग को लेकर किसानो ने बैठक की जिसमें बिजली विभाग पर बिजली कटौती करने का आरोप लगाते हुए। बार-बार ब्रेक डाउन फाल्ट होना ज्याद तर कर्मचारियों के फोन बंद आना आदि बिजली विभाग की लापरवाही पर चर्चा की इस दौरान किसान नेता सलामत जान,लखविंदर सिंह, अजीत सिंह, रियासत अली, तसवीर अहमद, जसवीर सिंह, दानिश खां, सूबा सिंह, सुन्दर सिंह आदि किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों मौजूद रहे।

# नाला बंद बन्द होने से रास्तों में भरा पानी ग्रामीणों मे आक्रोश आवागमन हुआ दुश्वार

**( मो. फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बिजार खाता मे स्वार-बाजपुर मार्ग के चौड़ीकरण के बाद जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से ग्राम पंचायत बिंजारखाता के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

सड़क निर्माण के दौरान पुरानी नालियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, लेकिन न तो नई नालियां बनाई गईं और न ही बरसाती व गंदे पानी की निकासी का कोई वैकल्पिक इंतजाम किया गया। इसका नतीजा यह है कि गांव के कई रासतो में लगातार जलभराव बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जमा गंदे पानी के कारण आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है, वहीं बुजुर्गों और महिलाओं के लिए घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

कई स्थानों पर लोगों को नंगे पैर पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे त्वचा रोग और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब इस समस्या को लेकर निर्माण कार्य से जुड़े कर्मचारियों और ठेकेदार से शिकायत की गई तो उन्होंने अभद्र व्यवहार किया और धमकी तक दी। बताया गया कि इस मुद्दे को पहले भी जनप्रतिनिधियों के सामने उठाया गया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। स्थिति से परेशान ग्रामीणों ने अब उपजिलाधिकारी को शिकायत भेजकर स्वारख्रबाजपुर मुख्य मार्ग पर बंद नालों को खुलवाने और आवश्यक स्थानों पर पुलिया निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। शिकायत करने वालों में रामकुवंर, राजू, तौफीक, जाहिद, जाकिर, जाफर अली, हाजी राहत जान, हाजी खुर्शीद अहमद, हाजी जाहिद हुसैन, करण सिंह, शेर सिंह, सोरन गुप्ता, अतीक सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।



# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यक समाज पर हो रहे कथित संगठित अत्याचार, हिंसा और उत्पीड़न के विरोध में राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ, जनपद रामपुर द्वारा सोमवार को जिलाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। घरों को जलाने, मंदिरों के विध्वंस, महिलाओं और बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार तथा जबरन पलायन जैसी घटनाएँ सामने आ रही हैं, जो गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का विषय हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ये घटनाएँ छिटपुट न होकर सुनियोजित और संगठित प्रतीत होती हैं, जिससे वहाँ का हिन्दू समाज भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर है। उन्होंने इस स्थिति को भारत के लिए भी गंभीर चिंता का विषय बताया। ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार से मांग की गई कि वह बांग्लादेश सरकार से आधिकारिक स्तर पर वार्ता कर हिन्दू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए, इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाए तथा पीड़ित परिवारों के पुनर्वास और सहायता के लिए ठोस कदम उठाए। राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ ने यह भी मांग की कि अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की निष्पक्ष अंत. रराष्ट्रीय जांच कराई जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कूटनीतिक दबाव बनाया जाए। ज्ञापन सौंपते समय संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन से अपील की कि इस गंभीर विषय को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र भारत सरकार तक पहुँचाया जाए।
इस दौरान कंचन सक्सेना सहित अन्य मौजूद रहे।



# आर.सी.सी.रोड निर्माण में घटिया सामाग्री लगाने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सागरपुर निवासी इकरार हुसैन पुत्र मोला वक्स ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर डाले पत्र में ग्राम प्रधान इरफान पुत्र बन्ने पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधान एक दबंग व चीटर प्रवृति का व्यक्ति है। जिसके द्वारा प्रार्थी के खेत के बराबर से मानक के विरुद्ध घटिया सामग्री पीला ईट लगवाकर लगभग एक से दो इंच माल डलवाकर आरसीसी का निर्माण कराया गया। जिसमें पानी के निकास के लिए दोनों साइडों में कोई नाली भी नहीं बनवाई है जिसके कारण सड़क पर हमेशा कीचड़ ओर गंदगी रहती है। घरों का पानी प्रार्थी के खेत में घुस रहा है जिससे प्रार्थी की फसल का बहुत भारी नुकसान हो रहा है। प्रार्थी द्वारा उक्त प्रधान से इसकी शिकायत की लेकिन प्रधान चिढ़ गया और गंदी गंदी गालियां देते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट पर उतारू हो गया और कहता है तुम्हें जो करना है बह कर लो मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पायेंगे। निवेदन करते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर उक्त कार्य की जांच करने व सड़क के पानी से हो रहे प्रार्थी की फसल के नुकसान को रुकवाने के लिए लगाई मुख्यमंत्री से लगाई गुहार।



# रामपुर डीएम की कोशिश से गरीब बीमारों का हो रहा इलाज

## मुख्यमंत्री राहत कोष योजना के माध्यम से गंभीर बीमारियों से पीड़ित एवं आर्थिक रूप से कमजोर 23 पात्र लाभार्थियों को रुपये 33,13,500 की आर्थिक सहायता



अजय कुमार द्विवेदी
जिलाधिकारी रामपुर





**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जनता दर्शन के माध्यम से जरूरतमंदों को न केवल सुना जा रहा है, बल्कि उन्हें योजनाओं का वास्तविक लाभ भी समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। जनता दर्शन के अंतर्गत मुख्यमंत्री राहत कोष योजना के माध्यम से गंभीर बीमारियों से पीड़ित एवं आर्थिक रूप से कमजोर 23 पात्र लाभार्थियों को रूपये 33,13,500 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसके साथ ही चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फंड के अंतर्गत 02 गंभीर रूप से बीमार बच्चों को रूपये 1,27,000 की सहायता उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके उपचार में आवश्यक सहयोग मिल सका।

स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 96 जरूरतमंद लाभार्थियों के आयुष्मान बनाये गये जिससे उन्हें नि:शुल्क और बेहतर इलाज मुहैया हो सकेगा। इसी क्रम में रेड क्रॉस सोसायटी फंड से 07 गंभीर रोगियों को रूपये 1,75,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड

- **चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फंड के अंतर्गत 02 गंभीर रूप से बीमार बच्चों को रूपये 1,27,000 की सहायता**
- **आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 96 जरूरतमंद लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड**
- **रेड क्रॉस सोसायटी फंड से 07 गंभीर रोगियों को रूपये 1,75,000 की आर्थिक सहायता**
- **दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 11 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल एवं व्हीलचेयर**

बनाए गए, जिससे उन्हें नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य उपचार की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है।

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाते हुए दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 11 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल एवं व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। साथ ही जनता दर्शन के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पालिकाध्यक्ष से मिले चिकित्सा अधीक्षक स्वास्थ्य योजनाओं पर हुई व्यापक चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टाण्डा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सत्यपाल सिंह ने मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज से मुलाकात की। भेंट के दौरान केंद्र एवं शासन की स्वास्थ्य योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर विचारख्रविमर्श हुआ। चिकित्सा अधीक्षक ने नगर के विभिन्न वार्डों में फैमिली आईडी तैयार कराने तथा पात्र नागरिकों के लिए श्रेणीवार आयुष्मान कार्ड बनवाने में सभासदों की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने कहा कि इससे जरूरतमंद लोगों तक सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से पहुंच सकेंगी। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज ने कहा कि जनहित में किए गए वादों को धरातल पर उतारना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जच्चाख्रबच्चा केंद्र की स्थापना कराकर उन्होंने दो वर्ष पूर्व जनता से किया गया संकल्प पूरा किया है।

पालिकाध्यक्ष ने सीएचसी में हृदय रोग विशेषज्ञ एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही एक महिला डॉक्टर की स्थायी तैनाती की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में शीघ्र ही विभागीय अधिकारियों एवं उच्चाधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया जाएगा। मुलाकात के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सत्यपाल सिंह ने जानकारी दी कि सीएचसी में बीमार नवजात शिशुओं की देखरेख के लिए चार आधुनिक इन्क्यूबेटर उपलब्ध हैं, जिससे शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है।

स्थानीय लोगों ने इसे टाण्डा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया है।

# बिजली बिल बकायेदारों पर सख्ती, अवर अभियंता ने चलाया डोर-टू-डोर जागरूकता व तगादा अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** विद्युत वितरण खंड मिलक के अंतर्गत ग्राम रेवड़ी कला में बड़े बकायेदारों से समय पर बिजली बिल जमा कराने को लेकर विभाग ने सख्ती तेज कर दी है। अवर अभियंता के नेतृत्व में गांव में डोर-टू-डोर तगादा एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को समय से बिल भुगतान करने के लाभ बताए गए और यह भी समझाया गया कि बकाया रहने पर कनेक्शन विच्छेदन सहित नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। विभागीय कर्मचारियों ने घर-घर पहुंचकर बकायेदारों से संपर्क किया और तत्काल बिल जमा करने की अपील की।

अधिकारियों ने कहा कि शासन के निर्देशों के क्रम में राजस्व वसूली बढ़ाने और उपभोक्ताओं को असुविधा से बचाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई, ताकि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# रामपुर में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों, उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न ऋण परक योजनाओं, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एमएसएमई नीति तथा जीबीसी-5.0 की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में मैसर्स अम्बिका वुड बिलासपुर, मैसर्स इम्पायर प्लाईवुड चमरौआ, मैसर्स इंडिया टोनर्स दनियापुर एवं मैसर्स कृष्णा ट्रेडर्स मिलक द्वारा माल के आवागमन हेतु कच्चे मार्ग के दुरूस्तीकरण की मांग रखी गई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

लघु उद्योग भारती द्वारा ग्राम बढ़पुरा, भमरौआ रोड पर सायंकालीन समय में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की गई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि



उद्यमियों से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा के उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित बैंकों को निर्देश दिये कि वे निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न करने वाले नैनीताल बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं पंजाब नेशनल बैंक को सख्त निर्देश दिये गये कि वे प्रत्येक दशा में आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति करें।

जीबीसी-5.0 के अन्तर्गत जनपद में अब तक कुल 660 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हो चुका है।

सहायक आयुक्त उद्योग निहारिका जैन ने उद्यमी संगठनों एवं उद्यमियों को अवगत कराया कि सरकार द्वारा संचालित प्लेज योजना के अन्तर्गत निजी औद्योगिक पार्कों की स्थापना में अधिक से अधिक सहभागिता करें। प्लेज योजना के अन्तर्गत 10 से 50 एकड़ भूमि पर निजी औद्योगिक पार्क की स्थापना हेतु सरकार द्वारा प्रति एकड़ 50 लाख रुपये तक का ऋण मात्र 01 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्लेज पार्क हेतु क्रय की गई भूमि तथा भूखण्डों की बिक्री पर 75 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क की छूट प्रदान की जाएगी, जबकि महिला उद्यमियों के लिए यह छूट 100 प्रतिशत होगी। योजना को और अधिक सरल बनाते हुए एप्रोच रोड की अनिवार्य चौड़ाई 12 मीटर से घटाकर 7.5 मीटर कर दी गई है।

साथ ही विभिन्न एनओसी प्राप्त करने में जिला उद्योग कार्यालय द्वारा हैंडहोल्डिंग भी की जाएगी।

इसके अतिरिक्त एमएसएमई नीति-2022 के अन्तर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों को नए निवेश अथवा विस्तार हेतु प्लांट एवं मशीनरी पर क्रमश: 20 प्रतिशत, 15 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है।

बैठक में सम्बन्धित अधिकारीगण, उद्यमी संगठनों के पदाधिकारी एवं अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# आज प्रात: 10 बजे से रामपुर के आईटीआई परिसर में होगा रोजगार मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि 31 दिसम्बर 2025 को प्रात: 10:00 बजे से आईटीआई परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जनपद एवं जनपद के बाहर स्थित विभिन्न उद्योग, अधिष्ठान, सरकारी/अर्द्धसरकारी प्रतिभाग करेंगे। आईटीआई के उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिभा कर सकते है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी को रिज्यूम, आधार कार्ड, फोटो, आईटीआई मार्कशीट व प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति स्वंय के व्यय पर उपस्थित होकर लाभान्वित हो सकते है।

# विवाह कमेटी के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप, एसपी से की शिकायत


**( मो.फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी माजिद ने गांव के ही एक युवक पर विवाह कमेटी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार आरोपी युवक ने निजी तौर पर जमा योजना चलाकर यूपीआई के माध्यम से उससे 4.77 लाख रुपये तथा एक अन्य ग्रामीण से एक लाख चालीस हजार रुपये जमा कराए और ब्लैंक चेक भी ले लिए। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपी और उसके पुत्र ने जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि गाली-गलौज की वीडियो और यूपीआई भुगतान से संबंधित बैंक स्टेटमेंट उसके पास मौजूद हैं। माजिद ने पूर्व में मसवासी चौकी में तहरीर देने के बाद अब पुलिस अधीक्षक रामपुर से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले की जानकारी पर चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक में बदहाल शौचालय न पानी न सफाई मरीज और तीमारदार बेहाल

## स्वच्छ भारत अभियान की लगातार उड़ाई जा रही हैं धज्जियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**( इकरार हुसैन )**

**मिलक।** सरकार भले ही स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मिलक में बने शौचालयों की हालत बेहद दयनीय है। शौचालय में न तो साफ-सफाई है और न ही पानी की समुचित व्यवस्था, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सीएचसी के शौचालयों में गंदगी फैली हुई है, फर्श पर जगह-जगह गंदे दाग हैं और यूरिनल व वॉशबेसिन से पानी नहीं आता। कई जगह पाइप जर्जर हालत में हैं, जिससे बदबू फैल रही है। ऐसे हालात में अस्पताल आने वाले मरीजों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए शौचालय का उपयोग करना मजबूरी से कम नही।

### स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता का हाल हुआ बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** स्वास्थ्य सेवाओं का यह हाल तब है जब यही केंद्र क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के इलाज का प्रमुख सहारा है। गंदगी के कारण संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार मौखिक शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन न तो सफाई व्यवस्था दुरुस्त की गई और न ही पानी की समस्या का समाधान हुआ। कर्मचारियों की लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता साफ नजर आ रही है। सवालों के घेरे में स्वास्थ्य विभाग

**क्या यही है सरकारी अस्पतालों की असल तस्वीर?**
**स्वच्छ भारत मिशन का दावा कहां तक सच?**
**जिम्मेदार अधिकारियों पर कब होगी कार्रवाई?**

अब देखने वाली बात यह होगी कि खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आता है या फिर मरीजों को यूं ही गंदगी और अव्यवस्थाओं के बीच इलाज कराने को मजबूर होना पड़ेगा


# कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलासपुर जनपद रामपुर।

**पत्राक:**-779 / **न.पा.परि.बि.**/2025-28 **दिनांक** 30/12/2025

## ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बिलासपुर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार / केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में ए.बी.सी. व अन्य श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर/आईटम दर के आधार पर निर्माण कार्य हेतु कुल 06 कार्यों के लिए निविदा आमन्त्रित की जाती है, निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते पोर्टल पर अपलोड हैं। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है। निविदादाता निविदा से सम्बन्धित जानकारी निम्नलिखित लिंक पर जा कर देख सकते हैं।

| | |
|---|---|
| 01 वैबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि/समय | दिनांक 01.01.2026 अपरान्ह 03.00 बजे से |
| 02 ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समय | दिनांक 12.01.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक |
| 03. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.01.2026 को दोपहर 4.00 बजे से |

04. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

05 अधिक जानकारी के लिए कृप्या वैबसाइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**( डा. नितिन कुमार गंगवार )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलासपुर ( रामपुर )**

**( चित्रक मित्तल )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलासपुर ( रामपुर )**

# एएआई टेबल टेनिस में हरमीत व सयाली ने जीता खिताब



● हरमीन देसाई ने पुरुष एकल में स्नेहित व मिश्रित युगल में संपदा भिवंडीकर को हराया, जबकि सयाली वाणी ने अपनी साथी सिड्रेला दा को मात देकर खिताब अपने नाम किया

**इंदौर, वार्ता।** पेट्रोलियम खेल प्रोत्साहन बोर्ड के हरमीत देसाई ने मंगलवार को एएआई 52वीं इंस्टीट्यूशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रोमांचक सात-गेम के फाइनल में भारतीय लेखापरीक्षा एवं खाता विभाग के एसएफआर स्नेहित को हराकर पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। हरमीत ने यहां अभय प्रशाल में खेले गए टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में 2-0 की बढ़त बनाई। वह छठे गेम में 10-6 पर जीत के कगार पर थे, लेकिन स्नेहित ने शानदार वापसी करते हुए गेम 16-14 से जीत लिया। हरमीत ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मैच पर फिर से काबू किया और निर्णायक गेम में बाजी मार 11-9, 11-9, 2-11, 8-11, 11-5, 14-16, 11-5 के स्कोर के साथ मुकाबला जीत लिया। बाद में हरमीत ने यशस्विनी घोरपड़े के साथ मिलकर रेलवे की जोड़ी प्रीएश राज और संपदा भिवंडीकर को हराकर मिश्रित युगल का खिताब भी 3-0 से जीता। इस बीच, महिला एकल फाइनल में सयाली वाणी ने चैंपियनशिप का शानदार अंत करते हुए पेट्रोलियम खेल प्रोत्साहन बोर्ड की अपनी साथी सिड्रेला दास को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

# रैंकिंग में चार पायदान पर चढ़ी शेफाली




● शेफाली वर्मा महिला टी-20 रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर छठे स्थान पर आई गई हैं, जबकि उपकप्तान व सलामी बैटर स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बरकरार है

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका के खिलाफ चल रही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर छठे स्थान पर आ गई हैं, जबकि उप-कप्तान और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से मंगलवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, शेफाली 736 अंकों के साथ छठे पायदान पर हैं, जबकि मंधाना 767 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। एक पायदान नीचे गिरने के बावजूद जेमिमा रॉड्रिग्ज (10वां पायदान) शीर्ष 10 में तीसरी भारतीय बल्लेबाज के तौर पर बरकरार हैं। शेफाली अब तक सीरीज के चार मैचों में तीन अर्द्धशतकों के साथ 227 रन बटोर चुकी हैं और तालिका में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी से सिर्फ 60 अंक पीछे हैं भारतीय विकेटकीपर ऋचा घोष ने भी चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में नाबाद 40 रन बनाकर रैंकिंग में 20वें पायदान पर जगह बना ली है। इस बीच, टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में रेणुका सिंह और श्री चरणी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। रेणुका ने श्रीलंका सीरीज के तीसरे मैच में टीम में वापसी करते हुए चार विकेट लिए और इसके नतीजे में टी-20 गें. दबाजों की नवीनतम रैंकिंग आठ पायदान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गई। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने श्रीलंका के खिलाफ शुरुआती चार मैचों में चार विकेट लिए और रैंकिंग में 17 पायदान चढ़कर कुल 52वें नंबर पर पहुंच गई हैं। दीप्ति इस लिस्ट में 738 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

## क्रिकेट में आपको जीरो से शुरू करना होता है: मंधाना

● मंधाना ने सभी फॉर्मेट में संतुलित सोच की जरूरत पर जोर दिया



**त्रिवेंद्रम, वार्ता।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि क्रिकेट में हर पारी शुरू से शुरू होती है और पिछला प्रदर्शन भविष्य में सफलता की गारंटी नहीं देता, उन्होंने सभी फॉर्मेट में संतुलित सोच की जरूरत पर जोर दिया। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में मंधाना ने कहा कि क्रिकेट में, आपको जीरो से शुरू करना होता है।

स्कोरबोर्ड हमेशा जीरो पर जीरो होता है। यह कभी भी वह नहीं होता जो आपने पिछले मैच या पिछली सीरीज में किया हो। उन्होंने बताया कि अलग-अलग फॉर्मेट में उम्मीदें अलग-अलग होती हैं, टी-20 क्रिकेट में वनडे और टेस्ट की तुलना में अलग मानसिक नजरिए की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि टी-20 थोड़ा इस तरह का है जहां आप आउट होने के बाद खुद पर बहुत ज्यादा सख्त नहीं हो सकते क्योंकि आप ऐसी रफ्तार से खेल रहे होते हैं जहां कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह कामयाब होगा और कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह नहीं होगा। मैं वनडे क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट को लेकर खुद पर बहुत सख्त हूं क्योंकि आपके पास बहुत समय होता है। अगर आप वहां आउट होते हैं, तो यह मेरे लिए पाप जैसा लगता है। मंधाना ने कहा कि जहां कुछ खास दिनों में अपनी काबिलियत से मैच जिताए जा सकते हैं, वहीं खिलाड़ियों को बिना ज्यादा सोचे-समझे नाक. ामियों को भी स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप देश के लिए मैच जीतते हैं, लेकिन कुछ दिन ऐसे भी होते हैं जब आप रन नहीं बना पाते।

आपको दोनों को ही अपने हिसाब से लेना होगा क्योंकि आप ज्यादा सोच नहीं सकते। यह बस जल्दी बदलाव है। भारत की हालिया वनडे वर्ल्ड कप जीत पर बात करते हुए, मंधाना ने पिछली कामयाबी पर ज्यादा ध्यान न देने की चेतावनी दी, और टीम को अभी भी आगे बढ़ रही टीम बताया। उन्होंने कहा कि वनडे वर्ल्ड कप महिला क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी बात थी, और हमने उसे पूरा किया, इसलिए यह एक बड़ी जीत है। लेकिन आप सिर्फ कामयाबी के बारे में नहीं सोच सकते। सीनियर बैट्समैन ने माना कि टीम ने साल के दौरान मौके गंवाए और कहा कि लगातार सुधार पर ही फोकस रहा। मंधाना ने कहा कि हमारे साथ कई बार ऐसा हुआ है जब हम मैच जीत सकते थे, लेकिन हम नहीं जीत पाए। यह टीम इतनी यंग है, हम हमेशा आगे बढ़ते रहते हैं कि उन्होंने आगे कहा कि वह इस साल टीम के ओवरऑल परफॉर्मेंस को दस में से सातष रेटिंग देंगी। खासकर वनडे वर्ल्ड कप के दौरान और उसके बाद फैंस को उनके लगातार सपोर्ट के लिए धन्यवाद देते हुए, मंधाना ने कहा कि टीम का मकसद आगे भी बेहतर होते रहना है। उन्होंने कहा कि यह महिला क्रिकेट के लिए एक शानदार साल रहा है। मुझे उम्मीद है कि हम फैंस को गर्व महसूस कराते रहेंगे और वे हमें सपोर्ट करने आते रहेंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नीरज ने रिसेप्शन में डांस फ्लोर पर जश्न में जान डाली

**चंडीगढ़, वार्ता।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने हरियाणा के पानीपत जिले में सोमवार रात हुई रिसेप्शन पार्टी में डांस फ्लोर पर उतरकर अपनी शादी के जश्न में जान डाल दी। यह कार्यक्रम उनकी पत्नी हिमानी मोर के परिवार ने आयोजित किया था और यह समालखा के द रॉयल वेनेशियन रिजॉर्ट में हुआ। यह शादी के बाद इस जोड़े का तीसरा रिसेप्शन था। नीरज को पॉपुलर हरियाणवी गानों पर डांस करते देखा गया, जिस पर मेहमानों ने तालियां बजाईं, जबकि हिमानी मुस्कुराते हुए उन्हें देख रही थीं। शाम के वीडियो में भाला फेंक स्टार को मासूम शर्मा के मशहूर गाने 'भांग रगड़ के पिया करूं पर डांस करते हुए देखा गया।

### जिस फॉर्मेट ने पहचान दी, उसका सम्मान करो : चैपल

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चौथा एशेज टेस्ट सिर्फ दो दिन में खत्म होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्रेग चैपल ने कहा है कि दोनों टीमों को खेल के उस फॉर्मेट की इज्जत करनी चाहिए जिसने उन्हें पहचान दी है। गौरतलब है कि यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया मुकाबला दूसरे दिन के तीसरे सत्र में खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के सामने 178 रन का लक्ष्य रखा, जिसे स्टोक्स की टीम ने छह विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। चैपल ने क्रिकइन्फो के लिए लिखे गए एक लेख में कहा कि इतिहास के पन्नों में दर्ज 'मॉन्युमेंट्स मेन' वे लोग हैं जो अतुल्य खजानों की रक्षा करते हैं। ए ऐसे महिला और पुरुष कलाकारों, इतिहासकारों, शिल्पकारों और संग्रहालय निद. शकों का का समूह था जिन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर जंग में झोंके गए कला और शिल्प के शाहकारों की हिफाजत की।

### पेशेवर, जवाबदेह और दूरदर्शी खेल प्रशासकों की आवश्यकता पर बल

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल विभाग ने भारत को वर्ष 2036 तक शीर्ष 10 खेल राष्ट्रों में स्थान दिलाने, वैश्विक खेल उत्कृष्टता के लक्ष्य को पूरा करने, खेल प्रशासनिक क्षमताओं को मजबूत करने और खेल प्रशासकों की क्षमता निर्माण हेतु ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की अध्यक्षता में एक कार्य बल का गठन किया था। इस कार्य बल ने हाल ही में खेल विभाग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इस व्यापक रिपोर्ट ने ओलंपिक खेलों की मेजबानी सहित एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, पेशेवर, जवाबदेह और दूरदर्शी खेल प्रशासकों की आवश्यकता पर बल दिया है। कार्य बल ने खेल प्रशासन प्रशिक्षण को विनियमित करने, मान्यता देने और प्रमाणित करने के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त वैधानिक निकाय के रूप में राष्ट्रीय खेल शिक्षा और क्षमता निर्माण परिषद की स्थापना की सिफारिश की है।

# फीफा को 2026 वर्ल्ड कप के लिए रिकॉर्ड 15 करोड़ टिकट रिक्वेस्ट मिले



● फीफा प्रेसिडेंट ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा व सबसे ज्यादा ज्यादा शामिल करने वाला शो

**जेनेवा, वार्ता।** फीफा ने सोमवार को कहा कि उसे 2026 वर्ल्ड कप के लिए 15 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट मिले हैं, जिससे वर्ल्ड कप टिकटिंग का एक नया रिकॉर्ड बन गया है, जबकि रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ का फेज अभी आधा ही हुआ है। 200 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों के फैंस ने 11 दिसम्बर को रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकटिग फेज शुरू होने के बाद फीफा-कॉम /टिकट प्लेटफॉर्म पर रिक्वेस्ट की बाढ़ ला दी। यह फेज 13 जनवरी, 2026 को खत्म होगा। फीफा ने कहा कि 2026 वर्ल्ड कप के लिए हर टिकट एप्लीकेशन के साथ सबमिट किए गए वेरिफाइड इंडिविजुअल क्रेडिट कार्ड नंबरों के आधार पर 30 गुना से ज्यादा ओवरसब्सक्रिप्शन हुआ है, और यह डिमांड 1930 से अब तक इस कॉम्पिटिशन के सभी 22 एडिशन के कुल 964 मैचों में आए दर्शकों की कुल संख्या से 3-4 गुना ज्यादा है। फीफा के प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा शामिल करने वाला शो होने वाला है। भावुक फैंस की यह जबरदस्त प्रतिक्रिया इस बात का सच्चा सबूत है कि हमारे खेल को दुनिया भर में कितना पसंद किया जाता है।

## इंडिया ओपन भव्य आयोजन के लिए तैयार, टिकटों की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 13 से 18 जनवरी, 2026 तक वापस आ रहा है, यह टूर्नामेंट नई दिल्ली के मशहूर इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा, जो इसके पैमाने और फैन अनुभव में एक बड़ा कदम है। पिछले वेन्यू की तुलना में दोगुनी से ज्यादा, 8,000 से ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता के साथ, यह अपग्रेड भारत के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय बैडमिटंन टूर्नामेंट की बढ़ती प्रतिष्ठा को दिखाता है।

योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 के टिकट टूर्नामेंट के टिकटिग पार्टनर, टिकमिट के जरिए विशेष रूप से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 400 रुपये से शुरू होगी, और प्रीमियम सीटों की कीमत 1,750 रुपये तक होगी, जिससे सभी कैटेगरी के लोगों के लिए टिकट उपलब्ध होंगे। फैंस को एक चरणबद्ध छूट संरचना का भी फायदा मिलेगा जो जल्दी बुकिग करने वालों को पुरस्कृत करने के लिए डिजाइन की गई है, जो लोग जल्दी बुकिग करेंगे उन्हें 50 प्रतिशत तक की बड़ी छूट मिल सकती है।

## एमआई ने क्रिस्टन बीम्स को नियुक्त किया स्पिन बॉलिंग कोच

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के लिए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई लेगस्पिनर क्रिस्टन बीम्स को अपना स्पिन-बॉलिग कोच नियुक्त किया है। बीम्स 2014 से 2017 तक ऑस्ट्रेलिया के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुकी हैं। वह मुंबई के सपोर्ट स्टाफ में मुख्य कोच लिसा कीथली, गेंदबाजी कोच और मेंटर झूलन गोस्वामी, बल्लेबाजी कोच देविका पालशिकर और फील्डिंग कोच निकोल बोल्टन के साथ जुड़ेंगी। यह कीथली का भी मुंबई के साथ पहला सीजन होगा। वह पिछले तीन सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के साथ काम कर चुकी हैं। बीम्स ने मुंबई इंडियन्स की इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी के साथ काम करना एक शानदार मौका है। (टीम की) संस्कृति शानदार है। उन्होंने इतने लंबे समय में एक जीतने की एक विचारधारा बनाई है। सबसे सुनने को मिलता है कि यह टीम एक-दूसरे के बहुत करीब है और एक परिवार की तरह है। आप इसका हिस्सा बनना चाहते हैं। मुझे लगता है कि एक कोच के तौर पर आप बिल्कुल यही करना चाहते हैं। आप एक ऐसे माहौल में जाना चाहते हैं जहां सब एक-दूसरे के करीब हों और एक ऐसी टीम बनाते हों जो जीतना जानती है। बीम्स ने एक टेस्ट, 30 वनडे और 18 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया।

# अर्जुन से हार के बाद कार्लसन ने आपा खोया

● भारतीय ग्रैंडमास्ट अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद फिर गलत वजह से सुर्खिया में आए मैग्लन कार्लसन




**दोहा, वार्ता।** नॉर्वेजियन शतरंज सुपरस्टार मैग्नस कार्लसन सोमवार को फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद अपना आपा खोने के कारण एक बार फिर गलत वजहों से सुर्खियों में आ गए। मौजूदा वर्ल्ड रैपिड और वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियन कार्लसन को नौवें राउंड में एरिगैसी ने हराया, जिसमें भारतीय जीएम ने काले मोहरों से खेलते हुए शानदार कैलकुलेशन और मजबूत एंडगेम तकनीक का प्रदर्शन किया। हार के कुछ ही देर बाद, कार्लसन को निराशा में मेज पीटते हुए देखा गया, इस घटना को वीडियो में कैद कर लिया गया और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसे फैंस ने कार्लसन आउटबर्स्ट 2-0 नाम दिया। यह घटना कार्लसन के जून में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में डी गुकेश से हारने के बाद अपना आपा खोने के कुछ ही महीनों बाद हुई है। अपनी दिग्गज स्थिति और सफलता के बावजूद, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी की हार को शालीनता से स्वीकार न करने के लिए अक्सर आलोचना की जाती रही है। एरिगैसी की कार्लसन पर जीत महत्वपूर्ण साबित हुई, क्योंकि 22 वर्षीय भारतीय 11 राउंड के बाद नौ अंकों के साथ फांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ स्टैंडिग में शीर्ष पर पहुंच गया। भारतीय खिलाड़ी ने इस ऐतिहासिक जीत के बाद 10वें राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर थोड़े समय के लिए आधे अंक की बढ़त बना ली, जिसके बाद 11वें राउंड में अमेरिकी जीएम फैबियानो कारुआना के साथ ड्रॉ खेला। पहले दिन दो राउंड बाकी रहते हुए, कार्लसन रिकॉर्ड नौवें वर्ल्ड ब्लिट्ज खिताब के लिए दौड़ में बने हुए हैं, उन्होंने रविवार को पहले ही अपना छठा वर्ल्ड रैपिड खिताब जीत लिया है। वह वर्तमान में आठ अंकों के साथ आठ खिलाड़ियों के समूह में हैं, जिसमें शीर्ष दावेदार अलीरेजा फरिजा और भारत के सुनीलदत्त नारायणन भी शामिल हैं। कारुआना, दानिल डुबोव और चीन के यू यांगई 8-5 अंकों के साथ संयुक्त नेताओं से थोड़ा पीछे हैं, जिससे चैंपियनशिप के निर्णायक चरणों में पहुं. चने पर कड़ी टक्कर की उम्मीद है। इस बीच, भारतीय सितारे आर प्रज्ञानानंद और मौजूदा क्लासिकल विश्व चैंपियन डी गुकेश 7-5 अंकों के साथ और पीछे हैं, जो 14वें स्थान पर बंधे एक बड़े समूह में हैं।

## घुटने की चोट के बाद शाहीन शाह अफरीदी बीबीएल से पाक लौटेंगे



**एडिलेड, वार्ता।** घुटने की चोट ने शाहीन शाह अफरीदी का बीबीएल में ब्रिस्बेन हीट के साथ सफर खत्म कर दिया है। पीसीबी ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया से वापस बुला लिया है ताकि फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए वह अपना रिहैबिलिटेशन शुरू कर सकें।

हीट के एक बयान में कहा गया है कि एडिलेड से टीम के लौटने के बाद अफरीदी का आगे रिव्यू किया जाएगाष, जहां वे बुधवार को एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ अपना अगला मैच खेलेंगे, जिससे पता चलता है कि उस प्रक्रिया के बाद अफरीदी पाकिस्तान लौट सकते हैं। अफरीदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि मैं ब्रिस्बेन हीट टीम और फैंस का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इतना प्यार और सपोर्ट दिया। एक अप्रत्याशित चोट के कारण, मुझे पीसीबी ने वापस बुला लिया है और मुझे रिहैब करना होगा। उम्मीद है, मैं जल्द ही मैदान पर वापस आऊंगा। इस बीच, मैं इस शानदार टीम को चीयर करूंगा। हीट टॉम अलसोप (घुटने की चोट) और नाथन मैकस्वीनी (टखने की चोट) का भी इंतजार कर रही है, जिन्होंने ट्रेनिग फिर से शुरू कर दी है। बीबीएल में अपने पहले सीजन में, अफरीदी पाक क्रिकेटरों के एक मजबूत दल का हिस्सा थे, जिसमें बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ जैसे खिलाड़ी शामिल थे। लेकिन वह सिर्फ चार मैच खेल पाए और उनका समय बहुत यादगार नहीं रहा: सिर्फ दो विकेट और 11.19 की इकॉनमी रेट।

## खालिदा जिया के निधन पर बांग्लादेश में शौक के कारण बीपीएल मैच रद्द



**ढाका, वार्ता।** अधिकारियों ने बताया कि बंगलादेश की पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद देश में राष्ट्रीय शोक के कारण मंगलवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) टी-20 मैच रद्द कर दिए गए।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से ज्यादा समय तक देश के उथल-पुथल भरे राजनीतिक जीवन में एक प्रभावशाली हस्ती रहीं बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। जिया, जिनका जन्म 1945 में वर्तमान पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुआ था, पिछले अगस्त में 80 साल की हो गई थीं। अधिकारियों ने कहा कि संशोधित कार्यक्रम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। एक बयान में, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की चेयरपर्सन और पीपल्स रिपब्लिक ऑफ बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। बीसीबी ने कहा कि उसने देश में क्रिकेट की प्रगति के लिए उनके निरंतर आशीर्वाद और सद्भावना को कृतज्ञता के साथ याद किया। प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने खेल के विकास के लिए मजबूत समर्थन दिया, जिससे क्रिकेट के बुनियादी ढांचे में सुधार और देश भर में खेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

# रोहित-विराट का टेस्ट से संन्यास साल की बड़ी घटना रही




यह साल भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक साल साबित हुआ

जिसमें ऐतिहासिक जीत व रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हुए हालांकि कुछ दिल तोड़ने वाली हार भी मिलीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली का खेल के सबसे लम्बे फॉर्मेट टेस्ट से संन्यास 2025 की सबसे बड़ी घटना रही। यह साल भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक साल साबित हुआ, जिसमें ऐतिहासिक जीत और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हुए, हालांकि कुछ दिल तोड़ने वाली हार भी मिलीं। साल की शुरुआत भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए एक शानदार जीत के साथ हुई, जब उन्होंने 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। 9 मार्च को, भारत ने दुबई में खेले गए एक रोमांचक फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया और पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। रोहित शर्मा ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, फाइनल में महत्वपूर्ण 76 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। इस जीत के साथ भारत ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता, जिससे वैश्विक क्रिकेट में एक मजबूत टीम के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हुई। महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर तब हासिल हुआ जब भारत ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी की और उसे जीता। सितम्बर के आखिर से 2 नवम्बर तक, भारत की महिला टीम ने असाधारण प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, जिसका नतीजा नवी मुंबई में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर 52 रनों की जीत के रूप में निकला। यह भारत की पहली महिला क्रिकेट विश्व कप जीत थी, जो देश में महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था और इसने पूरे देश में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया। सितम्बर में उत्साह जारी रहा जब भारत ने एशिया कप (टी-20) का खिताब बरकरार रखा, 28 सितम्बर को दुबई में एक और हाई-प्रोफाइल मुकाबले में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। इस जीत के साथ भारत ने नौवीं बार एशिया कप जीतकर अपना रिकॉर्ड बढ़ाया, जिससे महाद्वीप में टी-20 फॉर्मेट में उनका दबदबा और मजबूत हुआ। इस जीत का पूरे देश में बड़े पैमाने पर जश्न मनाया गया, प्रशंसकों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और तनावपूर्ण मुकाबले में खिलाड़ियों के लचीलेपन और कौशल की सराहना की।

जनवरी में भारत का दबदबा रहा, उसने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज क्रमशः 4-1 और 3-0 से जीतीं। दोनों टीमों ने इस साल एक और द्विपक्षीय सीरीज खेली। अनुभवी खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली के इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद, युवा शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया, जिससे भारतीय क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत हुई।

## सम्पादकीय

बुधवार, 31 दिसम्बर 2025

# सीएफआर की रिपोर्ट

क्या भारत-पाक के बीच 2026 में युद्ध हो सकता है ऐसी आशंका अमेरिकी थिंक टैंक काउंसिल ऑफ फॉरन रिलेशन्स (सीएफआर) ने व्यक्त की है। यह अमेरिका का बड़ा थिंक टैंक है। सीएफआर ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत-पाक के बीच फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। रिपोर्ट में कश्मीर में आतंकी घटना को बड़ा कारण बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अगर कश्मीर में आतंकी घटना बढ़ती है तो वह दोनों में युद्ध का रूप ले सकती है। इसके अलावा रिपोर्ट इशारा करती है कि दोनों ही देश रक्षा बजट पर भारी भरकम राशि खर्च कर रहे हैं। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने हाल ही में 79000 करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। इस रक्षा सौदे में ड्रोन, एयर मिसाइल और बम शामिल हैं तो वहीं दूसरी ओर पाक भी तुर्की और चीन से नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम खरीद रहा है। हालांकि रिपोर्ट बताती है कि पाक और अफगानिस्तान के बीच भी हालात अच्छे नहीं हैं। वहां भी संघर्ष हो सकता है। रिपोर्ट इजरायल फलस्तीन, इजरायल-इरान, चीन-ताईवान के बीच संभावित टकराव की भी चर्चा करती है। जाहिर है, यह रिपोर्ट जिस तरह तैयार की गई है, उसे केवल राजनीति से प्रेरित होकर तो खारिज नहीं कर सकते, क्योंकि जिस तरह के हालात पिछले कुछ वर्षों से देखने में आ रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि रिपोर्ट काफी सच्चाई के नजदीक है, क्योंकि जितने भी संकट रिपोर्ट में बताए गए हैं वे जगजाहिर हैं और जमीन पर भी साफ दिखाई दे रहे हैं। सीएफआर अमेरिका का एक प्रमुख और प्रभावशाली थिंक टैंक है। यह संस्था अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर रिसर्च करती है और रिपोर्ट जारी करती है। इसमें पूर्व राजनयिक सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर और नीति विशेषज्ञ शामिल होते हैं। इस थिंक टैंक की रिपोर्ट का असर अमेरिकी सरकार, व्हाइट हाउस और कांग्रेस की नीतियों पर भी पड़ता है। यह थिंक टैंक भविष्य की संभावनाओं को लेकर चेतावनी जारी करता है। साथ ही यह भी बताता है कि यदि इस तरह के संघर्ष होते हैं तो उसका अमेरिकी हितों पर क्या प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि यदि भारत-पाक के बीच युद्ध होता है तो इसका सीधा असर अमेरिकी हितों पर पड़ेगा। अब यह तो कहना मुश्किल है कि समय के साथ यह रिपोर्ट कितनी सच्चाई में बदलती है लेकिन हां एक बात साफ है कि भारत-पाक के जिस तरह के रिश्ते आज दिखाई दे रहे हैं और कश्मीर में जैसी आतंकी घटनाएं बढ़ रही हैं और बताया जा रहा है कि 30 विदेशी आतंकी अभी भी वहां सक्रिय हैं और बड़ी संख्या में आने की तैयारी कर रहे हैं। गत दस मई को एक आतंकी घटना को लेकर हुए संघर्ष में युद्ध विराम भी हो गया था। ऐसी परिस्थितियां बताती हैं कि दक्षिण एशिया के हालात बेहद खतरनाक मोड पर हैं। रूस, यूक्रेन युद्ध पहले से ही चल रहा है। ऐसे में जरूरत शांति के प्रयासों की है, क्योंकि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है।

## एआई का वैश्विक केंद्र बनेगा उत्तर प्रदेश



वर्ष 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा, प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), टेक्नोलॉजी और डेटा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है, बेहतर कानून-व्यवस्था और सुशासन के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए भरोसेमंद राज्य बना है, जिससे ब्रांड यूपी को देश और दुनिया में पहचान मिली है, लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी विकसित करने की तैयारी की जा रही है, जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही प्रदेश की डेटा सेंटर नीति के सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# हर प्रदेश अपने-अपने तरीके से कहता है हैप्पी न्यू ईयर



**श्वेता गोयल**



नए साल के आगमन की खुशी में लोग नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नाचते-गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। नाच-गाने का यह सिलसिला घड़ी में रात्रि के 12 बजने अर्थात नव वर्ष के आरंभ होने तक चलता है और घड़ी की सुईयों द्वारा जैसे ही 12 बजने का संकेत मिलता है अर्थात नया साल दस्तक देता है, चहुं ओर आतिशबाजियों का धूमधड़ाका शुरू हो जाता है और एकबारगी तो यही अहसास होता है कि मानो डेढ़-दो माह बाद एक बार फिर से दीवाली का त्यौहार लौट आया हो। नव वर्ष के प्रथम दिन लोग एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते हुए स्वयं के लिए भी कामना करते हैं कि नया साल शुभ एवं फलदायक हो और नव वर्ष में सफलता उनके कदम चूमे। दुनियाभर में नव वर्ष का स्वागत बड़ी धूमधाम, उमंग और उल्लास के साथ किया जाता है। अनेक देशों में नववर्ष से जुड़ी अपनी-अपनी परम्पराएं हैं।

हमारे देश के विभिन्न प्रांतों में भी नववर्ष का स्वागत अलग-अलग तरीके से किया जाता है लेकिन कई जगह नव वर्ष मनाने की परम्पराएं और रीति-रिवाज इतने विचित्र हैं कि लोग उनके बारे में जानकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। संभवत: दुनिया भर में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां नव वर्ष एक से अधिक बार और विविध रूपों में मनाया जाता है। हमारे यहां ईस्वी संवत और विक्रमी संवत दोनों को ही महत्व दिया जाता है। ईस्वी संवत के अनुसार नव वर्ष की शुरुआत एक जनवरी को और विक्रमी संवत के अनुसार नए साल की शुरुआत वैशाख माह के प्रथम दिन से मानी जाती है जबकि इस्लाम में हिजरी संवत के आधार पर नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है।

बहरहाल, नव वर्ष मनाने की परम्पराएं चाहे कुछ भी हों, सभी का उद्देश्य एक ही है और वह है नव वर्ष सुख, शांति एवं समृद्धि से परिपूर्ण हो। आइए जानते हैं, भारत के विभिन्न हिस्सों में कैसे मनाया जाता है नव वर्ष-महाराष्ट्र में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक सप्ताह पहले ही घरों की छतों पर रेशमी पताका फहराई जाती है। घरों व दफ्तरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाता है तथा इस दिन पतंगें उड़ाकर नव वर्ष का स्वागत किया जाता है।

बिहार में नव वर्ष के मौके पर विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। गरीब बच्चों को कपड़े तथा चावल का दान किया जाता है ताकि वर्ष भर घरों में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रही। असम में नव वर्ष की यादगार बेला में घर के आंगन में मांडणे (रंगोली) सजाए जाते हैं तथा दीप या मोमबत्तियां जलाई जाती हैं। गाय को रोटी और गुड़ खिलाया जाता है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ गुजरे। केरल में नव वर्ष के अवसर पर नीम व तुलसी की पत्तियां तथा गुड़ खाना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इनको खाने से शरीर साल भर तक स्वस्थ बना रहता है। राजस्थान में नव वर्ष के विशेष अवसर पर गुड़ से बने पकवान खाना बहुत शुभ माना जाता है ताकि वर्षभर मुंह से मधुर बोली ही निकलती रहे। मणिपुर में इस दिन तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है तथा अनेक स्थानों पर भूत-प्रेतों के पुतले बनाकर भी जलाए जाते हैं ताकि भूत-प्रेत किसी को नुकसान न पहुंचा सकें। छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्एक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नव वर्ष की शुरूआत मानी जाती है। जम्मू कश्मीर में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर अनाथ बच्चों को भरपेट भोजन कराकर नए कपड़े पहनाए जाते हैं और उनके माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी जाती है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ व्यतीत हो सके। नागालैंड के नाग आदिवासी नाग पंचमी के दिन से ही अपने नव वर्ष की शुरूआत करते हैं। कृषि प्रधान राज्यों पंजाब तथा हरियाणा में यूं तो आजकल एक जनवरी को ही नववर्ष धूमधाम से मनाया जाता है किन्तु यहां नई फसल का स्वागत करते हुए नववर्ष वैसाखी के रूप में भी मनाया जाता है। व्यापारी समुदाय के लोग अपने आर्थिक हिसाब-किताब की दृष्टि से दीवाली से ही नववर्ष की शुरुआत मानते हैं जबकि वित्तीय आधार पर शासकीय नववर्ष की शुरुआत एक अप्रैल से होती है।

**छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्एक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नव वर्ष की शुरुआत मानी जाती है।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संभावनाओं से भरा हुआ योग का क्षेत्र

**अब तो विभिन्न भाषाओं के अखबार और पत्र-पत्रिकाएं भी किसी जाने-माने और प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञ को अपने लिए कॉलम लिखने को भी आमंत्रित करने लगे हैं। इसके लिए भी योग विशेषज्ञों को मोटी रकम दी जाती है और यह उनके लिए रोजगार का शानदार अवसर उपलब्ध कराता है। निजी और सार्वजनिक दोनों ही क्षेत्रों में काम करने वाले इस तरह के पेशेवर लोगों के नियोक्ता योग के माध्यम से इसका समाधान खोजते हैं और उनके लिए योग के विशेष सत्र आयोजित करवाते हैं। इसमें योग विशेषज्ञों और पेशेवर योगकर्मियों की मदद ली जाती है। विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्राप्त ये पेशवर योगकर्मी तनाव दूर करने और इससे निपटने के लिए कई तरह के आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराते हैं ताकि तनाव बाहर निकले और उससे निपटा जा सके।**

वैश्वीकरण के तेजी से प्रसार और विकसित एवं विकासशील दोनों ही तरह के देशों के लोगों की जीवनशैली तथा खान-पान की आदतों में आमूल परिवर्तन से योग संभावनापूर्ण करियर और रोजगार के शानदार अवसरों वाले नवीनतम क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। रोजगार के अवसरों के अनगिनत द्वार खुलने से ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के नई पीढ़ी के शिक्षित नौजवान इसमें उपलब्ध अवसरों की ओर आकृष्ट हो रहे हैं। योग के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक लोगों के लिए अपार संभावनाएं हैं।

### शिक्षा

शिक्षा सबसे अधिक संभावनाओं वाला क्षेत्र है। योग में डिग्री और डिप्लोमा हासिल करने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों की तलाश कर सकते हैं। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और केन्द्र तथा राज्य सरकारों की अनगिनत अन्य शिक्षा संस्थाएं ऐसे नौजवानों को रोजगार के विभिन्न प्रकार के अवसर प्रदान करते हैं।

इन संस्थाओं में योग प्रशिक्षक की नियुक्ति विद्यार्थियों तथा शैक्षिक संकाय के सदस्यों को चिंताओं और तनाव से निपटने के सही तौर-तरीके बताने के लिए की जाती है। यह तनाव और चिंताएं नौकरियों की बढ़ती मांग और भिक्षा में एक दूसरे से आगे बढ़ने की अंधी दौड़ की वजह से पैदा होते हैं। योग प्रशिक्षक विद्यार्थियों को कक्षाओं में उनके निर्धारित योग पाठ्यक्रम के बारे में भी बताते हैं। राज्य सरकारों ने सभी स्कूलों में योग शिक्षा को अनिवार्य बना दिया है और इसके लिए हर साल हजारों योग शिक्षकों की नियुक्तियां की जाती हैं। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी योग विषय पढ़ाने के लिए शैक्षिक संकाय सदस्य होते हैं, जो प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के तौर पर नियुक्त किए जाते हैं। योग के पेशेवर विशेषज्ञों को सार्वजनिक और निजी दोनों ही क्षेत्र की शिक्षा संस्थाओं में निदेशक, उप-निदेशक, परामर्शदाता आदि के रूप में भी नियुक्त किया जाता है। उनका वेतन और विभिन्न भत्ते कई बातों पर निर्भर रहते हैं जैसे पदक्रम, शिक्षा का स्तर, अनुभव, व्यावसायिक योग्यताएं जैसे डिग्री या डिप्लोमा आदि। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि योग से संबंधित नौकरियों के बाजार में वेतन संबंधी कोई पाबंदियां नहीं हैं।

### स्वास्थ्य क्षेत्र

आज के सूचना टेक्नोलॉजी के युग में लोगों की जीवन-शैली में ऐसे नाटकीय मोड़ और बदलाव आए हैं कि उनके जीने के तौर-तरीके पूरी तरह बदल चुके हैं। मनो-दैहिक विकारों और मानसिक अशांति के साथ-साथ चिंताएं और तनाव ने योग को सबसे कारगर वैकल्पिक उपचार पद्धति बना दिया है। इनसे निपटने में योग का नुस्खा बड़ा अचूक साबित हुआ है। इसी कारण आज अस्पतालों, स्वास्थ्य क्लबों और स्पा सैलून आदि में नौकरियों की बाढ़-सी आ गई है।

### होटल और पिकनिक स्थल

आज के जमाने के होटल और रिसॉर्ट तनाव कम करने और मनोरंजन करने के स्थान मात्र नहीं हैं। यह सभी स्थान अब मानसिक तौर पर तरोताजा होने और आध्यात्मिक उन्नति के केन्द्र भी बन गए हैं। लोग होटलों और अन्य सुंदर पिकनिक स्थलों में पूरे परिवार के समेत मौज-मस्ती के साथ-साथ योगाभ्यास के विभिन्न सत्रों में भाग लेने के लिए भी आने लगे हैं। यही वजह है कि आज होटल और पिकनिक रिसॉर्ट मेहमानों को योगाभ्यास सिखाने के लिए योग के पेशेवर विशेषज्ञों को नियमित आधार पर काम पर रखने लगे हैं।

### जिमनेजियम और लाफिंग क्लब

आज के जमाने के जिमनेजियम में योग सबसे नई चीज है। लोगों को योग का अभ्यास कराने और योग के बारे में जानकारी देने के लिए योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जाते हैं जो लोगों को शारीरिक रूप से चुस्त और मानसिक तौर पर दुरुस्त रखने के बारे में बताते हैं। इन दिनों लाफ्टर क्लब भी बड़े लोकप्रिय हो चले हैं जहां लोगों को बताया जाता है कि योगाभ्यास के माध्यम से किस तरह चिंताओं और तनाव से मुक्त जीवन जिया जाए। यह कार्य योग शिक्षक ही करते हैं। इनमें भी योग के पेशेवर विशेषज्ञों को नौकरियां मिल सकती है और वे मोटी कमाई कर सकते हैं।

### दृश्य और मुद्रित मीडिया

लगभग सभी टेलीविजन चैनल स्वास्थ्य संबधी मुद्दों को लेकर कोई न कोई कार्यक्रम चलाते हैं जिनमें दर्शकों को अपने आप को विभिन्न प्रकार की शारीरिक बीमारियों से मुक्त रखने और कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं की रोकथाम के नुस्खे बताए जाते हैं। यह टेलीविजन चैनल इसके लिए योग विशेषज्ञों को नियमित आधार पर रखते हैं और उन्हें अच्छा-खासा वेतन भी देते हैं।

# दिल्ली से तीन दिन के लिए त्रिशूर की हसीन वादियों का ट्रिप बनाएं

ऐसा शायद ही कोई हो जिसको घूमना-फिरना पसंद न हो। इसलिए जब भी वीकेंड या लंबी छुट्टी मिलती है, तो लोग फैमिली, पार्टनर या दोस्तों के साथ अपनी पसंदीदा जगह घूमने पहुंच जाते हैं। बता दें कि वैसे तो दक्षिण भारत में घूमने के लिहाज से कई फेमस जगहें हैं, लेकिन केरल राज्य में स्थित त्रिशूर एक ऐसी जगह है, जहां पर हर कोई घूमना पसंद करता है। कोच्चि और कोझिकोड के बाद त्रिशूर केरल का तीसरा सबसे बड़ा शहर है। यह शहर बेहद खूबसूरत होने के साथ ही केरल राज्य की सांस्कृतिक राजधानी भी कहा जाता है। ऐसे में आप भी त्रिशूर घूमने के लिए 3 दिन की ट्रिप बना सकते हैं।

**दिल्ली से त्रिशूर**

आपको बता दें कि दिल्ली से त्रिशूर पहुंचना बेहद आसान है। दिल्ली से त्रिशूर आप फ्लाइट, ट्रेन या सड़क मार्ग से जा सकते हैं। वहीं ट्रेन से सफर करना सस्ता और आरामदायक साबित हो सकता है।

**हवाई यात्रा**

अगर आप हवाई यात्रा के जरिए त्रिशूर पहुंचना चाहते हैं, तो बता दें कि सबसे नजदीकी हवाई अड्डा कोच्चि है। जो करीब 67 किमी है। यहां से आप कैब या लोकल टैक्सी के जरिए त्रिशूर पहुंच सकते हैं। वहीं फ्लाइट का किराया 8 हजार रूपए के आसपास हो सकता है।

**ट्रेन**

दिल्ली से त्रिशूर के लिए कई ट्रेनें चलती हैं। यह ट्रेनें दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से त्रिशूर के लिए हैं। ट्रेन के जरिए दिल्ली से त्रिशूर पहुंचने के लिए किराया करीब 2000 रूपए के आसपास हो सकता है।

**सड़क मार्ग**

यदि आप सड़क मार्ग से त्रिशूर जाना चाहते हैं, तो इसमे काफी लंबा समय लग सकता है। वहीं खर्च भी अधिक हो सकता है। ऐसे में आप फ्लाइट या ट्रेन के जरिए आसानी से त्रिशूर पहुंच सकते हैं।

**स्टे के लिए बेस्ट जगहें**

यह जगह सिर्फ दक्षिण भारत या केरल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का टॉप डेस्टिनेशन है। त्रिशूर में आपको सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी मिलेंगे। आपको यहां पर बहुत कम पैसों में गेस्ट हाउस, रिसॉर्ट और होटल आदि मिल जाएंगे। त्रिशूर में स्टे के लिए आप होटल पैलेस टावर, लेमन रेजीडेंसी, नाइस विला, दान रेजीडेंसी और ग्रीन प्लाजा आदि में रूम बुक कर सकते हैं। इसके साथ ही यहां पर आपको खाने-पीने की सुविधा भी आसानी से मिल जाएगी। वहीं त्रिशूर में कई रिसॉर्ट घूमने के लिए गाड़ी भी देते हैं, लेकिन इसका अलग से चार्ज देना होता है।

**घूमने वाली जगहें**

बता दें कि त्रिशूर में घूमने के लिए कई बेहतरीन और शानदार जगहें मौजूद हैं। जिनको आप 3 दिन की ट्रिप में आसानी से एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**ट्रिप के पहले दिन**


यात्रा के पहले दिन आप चारपा वॉटरफॉल, अथिरापल्ली वॉटरफॉल और पीची डैम जैसी शानदार और मनमोहक जगहों को एक्सप्लोर करना न भूलें। यह तीनों ही जगहें कुछ ही दूरी पर हैं। ऐसे में आप आसानी से इन तीनों जगहों को कवर कर सकते हैं।

**ट्रिप के दूसरे दिन**

यात्रा के दूसरे दिन आपके पास घूमने का पूरा समय होगा। ऐसे में इस दिन आप चार-पांच जगहों को आसानी से एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप ट्रिप के दूसरे दिन बेसिलिका चर्च, त्रिशूर जू एंड स्टेट म्यूजियम, थाप्पुरन पैलेस, हेरिटेज गार्डन और त्रिशूर में स्थित केरल कलामंडलम जैसी जगहें घूम सकते हैं। वहीं कुछ जगहों का इतिहास भी करीब से जान सकते हैं।

**ट्रिप के तीसरे दिन**

इस दिन आप कुछ चुनिंदा जगहों को एक्सप्लोर करने के बाद वापसी कर सकते हैं। तीसरे दिन आप विंटेज कार क्लब, त्रिशूर बैकवाटर, चावक्कड़ बीच, वजहचल वॉटरफॉल और गुरुवायुर कृष्ण मंदिर आदि घूम सकते हैं। वहीं चावक्कड़ बीच में आप वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।



## भारत की संस्कृति से रूबरू होने को जिंदगी में एक बार जरूर देखें ये Winter Festivals

गौरतलब है कि अक्टूबर खत्म होने के साथ ही सर्दियों की शुरुआत हो जाती है। दिसम्बर भी जाने को है, इसके साथ ही भारत में कई स्थानों पर विंटर फेस्टिवल की मेजबानी की जाती है। यहां पर जीवंत धार्मिक उत्सवों के अलावा, देश के विभिन्न हिस्सों में कई अद्भुत सांस्कृतिक उत्सव देखने को मिलते हैं। इन त्योहारों में हस्तशिल्प, स्वादिष्ट व्यंजन, लोक संगीत और नृत्य शामिल हैं। रण उत्सव से लेकर सनबर्न उत्सव तक, आइए जानते हैं पांच भारतीय विंटर फेस्टिवल के बारे में, जिन्हें आपको अपने जीवन में कम से कम एक बार अवश्य देखना चाहिए। रण उत्सव त्योहार भारत के सबसे लोकप्रिय शीतकालीन त्योहारों में से एक है, जो गुजरात के कच्छ जिले में मनाया जाता है। यह त्यौहार कच्छ के सफेद रेगिस्तान में आयोजित किया जाता है, जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होती हैं। ऊंट सफारी से लेकर सितारों को देखना और लोक संगीत से लेकर शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन तक, आपको यहां सब कुछ मिलेगा। इस महोत्सव की स्थापना 2006 में गुजरात पर्यटन द्वारा की गई थी। यह मूल रूप से तीन दिवसीय कार्यक्रम था लेकिन अब सर्दियों के मौसम में महीनों तक मनाया जाता है।

**शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल, मेघालय**

मेघालय में शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल एक अनोखा दो दिवसीय त्योहार है जो क्षेत्र में चेरी के पेड़ों के खिलने का जश्न मनाता है। इस साल यह, उत्सव 15 से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा। यह अनूठा उत्सव रॉक कॉन्सर्ट और फैशन शो जैसे कई समकालीन कार्यक्रमों की मेजबानी करता है, जिनका पर्यटक मेघालय की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए आनंद ले सकते हैं।





अफजल फौजी




# गीत संगीत के बीच होगा नैनीताल में नववर्ष का स्वागत

## उच्च स्तरीय होटलों ने किए 31st को यादगार बनाने के इंतज़ाम



**नैनीताल।** सरोवर नगरी में नववर्ष के स्वागत व साल की विदाई के जश्न को लेकर नगर के उच्च स्तरीय होटलों में तैयारियां पूरी हो चुके हैं। लगभग ये सभी होटल एडवांस म पैक हो चले हैं। दो रात्रि तीन दिवसीय पैकेज में आकर्षक कार्यक्रम व गीत संगीत की धूम देखने को मिलेगी।

यूं तो नगर की मालरोड समेत अधिकांश होटल सज-धजकर तैयार हैं और अतिथियो की आवभगत में किसी तरह की कमी नही छोड़ना चाहते हैं। मगर नगर के चंद अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आला होटलों में इस बार खास तैयारियां की गइ हैं। जिनमे होटल नम: नैनीताल नए अवतार में दिल्ली का कारनामा बैंड के साथ सैलानियों की थर्टी फर्स्ट की शाम का यादगार बनाने जा रहा है। रेशमा भल्ला लाइव म्यूजिक के साथ कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण होंगी, जबकि नाना प्रकार के संकड़ों स्वादिष्ट व्यंजन व मनो. रंजन कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। साथ ही म्यूजिकल पार्टी के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। जीएम नरेश गुप्ता के अनुसार कुमाऊनी लोक संगीत को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। होटल शेरवानी हिलटॉप में लाइव संगीत के सुरों में जश्न मनाया जाएगा। गाला डिनर डीजे की अलग से व्यवस्था की गई है। जीएम सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक मनो. रंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर नैनी रिट्रीट में म्यूजिकल पार्टी का आयोजन किया जाएगा। जीएम डी एस जीना के अनुसार म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के साथ वृद्धों व बच्चों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विक्रम विंटेज में डीजे के साथ कपल डांस व रंगारंग कार्यक्रम होंगे। बलरामपुर हाउस में लाइव म्यूजिक, बोर्न फायर व गाला डिनर की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में स्विस होटल में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने मालरोड , ठंडी सड़क समेत नगर के कई हिस्सों को रंगबिरंगी विद्युत मालाओं से सजा दिया है, जिससे नगर के सौंदर्य में निखार आ गया है। इधर समीपवर्ती खुर्पाताल स्थित खुर्पाताल लेक इन में भी विशेष तैयारियां की गई हैं। होटल संच. ालक गणेश सिंह बिष्ट के अनुसार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन बेहद जरूरी है।







